विपिनविहारे कुसुमविचित्रा कुतुकितगोपीमहितचरित्रा।

मुररिपुमूर्तिर्मुखरितवंशा चिरमवताद्वस्तरलवतंसा॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नयसहितौ नश्च यश्च नयौ ताभ्यां सहितौ, न्यौ नगणयगणौ च (नगणः, यगणः, नगणः, यगणः) भवेताम् तत् **कुसुमविचित्रा** नाम वृत्तम्।

विपिनेति—विपिनविहारे विहारार्थं रचिते विपिनम् उद्यानं तस्मिन् केलिकानने, कुसुमविचित्रा विविधपुष्पैः शोभिता, कुतुकितगोपीमहितचरित्रा उत्कण्ठिताभिः गोपीभिः पूजितकृत्या, मुखरितवंशा वाद्यमानवंशीवाद्या, तरलवतंसा चपलकर्णाभूषणा, मुररिपुमूर्तिः श्रीकृष्णस्य तनुः, वः युष्मान्, चिरं चिराय, अवतात् पालयतु।

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, यगण, नगण और यगण हों उसको **कुसुमविचित्रा** छन्द कहते हैं।

क्रीडा-कानन में विहार करते समय रंग-बिरंगे फूलों से सुशोभित श्रीकृष्ण की लीलाओं के प्रति उत्सुक व्रजललनाओं से आराधित चरित्र वाले, वंशीवादन करते एवं चपल कर्णावतंस युक्त श्रीकृष्ण आपलोगों की सदैव रक्षा करें।

न ज ज य

। । । । S । । S । । S S

इह वद तामरसं नजजा यः।

स्फुटसुषमामकरन्दमनोज्ञं व्रजललनानयनालिनिपीतम्।

तव मुसतामरसं मुरशत्रो ! हृदयतडागविकाशि ममास्तु॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नजजाः नश्च जश्च जश्च तेषां द्वन्द्वः तथा यः (नगणः, जगणः, जगणः, यगणः च) भवेत् तत् इह छन्दःशास्त्रे **तामरसं** नाम वृत्तं वद ।

स्फुटेति–मुरशत्रो ! मुरारे ! श्रीकृष्णेत्याशयः, स्फुटसुषमा व्यक्तोत्तमकान्तिः, सा एव, मकरन्दमनोज्ञम् पुष्परसः परागेत्यर्थः, तेन मनोज्ञं मनोहरं, व्रजललना-नयनालिनिपीतम् व्रजललनानां वल्लवीनां, नयनालिभिः नेत्रभ्रमरैः, निपीतं सोत्कण्ठं दृष्टं, तव भवतः, मुखतामरसं मुखकमलम्, मम ग्रन्थकर्तु, हृदयतडागे मनः सरोवरे, विकाशि शोभितम्, अस्तु स्यादित्यर्थः । पद्येऽस्मिन् रूपकालङ्कारः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, जगण, जगण, यगण हों, उसको **तामरस** नामक छन्द कहते हैं ।

हे श्रीकृष्ण ! चारों ओर फैली हुई सुषमारूपी पराग से सुवासित, व्रजबधुओं के नेत्ररूपी भ्रमरों से पान किया गया अर्थात् पिपासित नेत्रों द्वारा अवलोकित आपका मुखकमल मेरे हृदय सरोवर में विकास को प्राप्त हो (शोभित हो) ।

न ज ज र

I I I I S I I S I S I S

भवति नजावथ मालती जरौ ।

इह कलयाऽच्युत ! केलिकानने मधुरससौरभसारलोलुपः ।
कुसुमकृतस्मितचारुविभ्रमामलिरपि चुम्बति मालतीं मुहुः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नजौ, जरौ, नगणः, जगणः, जगणः, रगणः च भवति तत् **मालती** नाम वृत्तम् ।

इहेति—अच्युत ! श्रीकृष्ण !, कलय विलोकय, किमिति तन्निर्दिशति, केलिकानने क्रीडारामे, मधुरससौरभसारलोलुपः मधुररसस्य परागस्य, सौरभसारे सुरभौ, लोलुपः आकृष्ट; अलिः भ्रमरः, अपि कुसुमकृतस्मितचारुविभ्रमाम् कुसुमकृतस्मितं पुष्पविहितमन्दहास्यं, तदेव चारुविभ्रमः मनोज्ञविलासः, यस्याः ताम्, मालतीं जातिं, 'सुमना मालती जातिः' इत्यमरः । मुहुः बारं बारं, चुम्बति । अत्र पद्ये प्रस्तुतायां लतायाम् अप्रस्तुताया नायिकायाः प्रतीतिः तथा प्रस्तुते भ्रमरे अप्रस्तुतस्य नायकस्य प्रतीतेः समासोक्त्यलङ्कारः । प्रत्युदाहरणम्–

अयि ! विजहीहि दृढोपगूहनं त्यज नवसङ्गमभीरु ! वल्लभम् ।
अरुणकरोद्गम एष वर्तते वरतनु ! सम्प्रवदन्ति कुक्कुटाः ॥भारविः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, जगण, जगण, रगण हों, उसको **मालती** नामक वृत्त कहते हैं।

हे श्रीकृष्ण ! देखिये इस केलिकानन में फूलों के पराग के प्रति ललचाये हुए भ्रमर फूलों के विकसित होने रूप मन्द हास्य वाली इस मालती लता को बार-बार चूम रहे हैं।

विशेष—यहाँ प्रस्तुत भ्रमर में अप्रस्तुत नायक की तथा प्रस्तुत मालती लता में अप्रस्तुत नायिका की प्रतीति होने से समासोक्ति अलङ्कार है।

त य त य

S S I I S S S S I I S S

त्यौ त्यौ मणिमाला छिन्ना गुहवक्त्रैः।

प्रह्वामरमौलौ रत्नोपलक्लृप्ते जातप्रतिबिम्बा शोणा मणिमाला।
गोविन्दपदाब्जे राजी नखराणामास्तां मम चित्ते ध्वान्तं शमयन्ती ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु त्यौ, त्यौ तगणः, यगणः, तगणः, यगणः च भवेत् तथा गुहवक्त्रैः षडक्षरैः छिन्ना **मणिमाला** भवति।

प्रह्वेति—रत्नोपलक्लृप्ते पद्मरागादिमणिशकलजटिते, प्रह्वामरमौलौ विनतसुरसमूहमुकुटे, जातप्रतिबिम्बा उत्पन्नप्रतिच्छाया, 'प्रतिमानं प्रतिबिम्बं प्रतिमा प्रतियातना प्रतिच्छाया'। इत्यमरः। अत एव शोणा रक्ताभा, मणिमाला रत्नमाल्यमिव 'माल्यं माला स्रजौ'। इत्यमरः। गोविन्दपदाब्जे श्रीकृष्णचरण-कमले, नखराणां कररुहाणां, राजी ततिः, मम ग्रन्थकर्तुः चित्ते हृदये, ध्वान्तम् अज्ञानान्धकारं शमयन्ती विनाशयन्ती, आस्तां चिरं राजतामित्याशयः।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में तगण, यगण, तगण और यगण हों और ६–६ अक्षरों पर यति हो उसको **मणिमाला** छन्द कहते हैं।

पद्मराग आदि मणिसमूह से युक्त चरणानत देवताओं के मुकुटों में प्रति-बिम्बत श्रीकृष्ण के चरण-कमलों की रक्ताभ नखपंक्ति मेरे हृदय में अज्ञान-अन्धकार का विनाश करती हुई सदा विराजमान रहे।

म भ स म

S S S S I I I I S S S S

मो भः स्मौ चेज्जलधरमालाऽब्ध्यन्त्यैः।

या भक्तानां कलिदुरितोत्तप्तानां तापच्छेदे जलधरमाला नव्या ।
भव्याकारा दिनकरपुत्रीकूले केलीलोला हरितनुरव्यात्सा वः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु मो भः स्मौ मगणः भगणः सगणः मगणः च भवेत् तथा अब्ध्यन्त्यैः चतुर्भिः अष्टभिः च अक्षरैः यतिः चेत् तदा **जलधरमाला** नामकं वृत्तम् ।

या भक्तानामिति–या श्रीकृष्णमूर्तिः, कलिदुरितोत्तप्तानां कलिकलुषसन्तप्तमानसानां भक्तानां, तापच्छेदे सन्तापापनोदे, नव्या अभिनवा, जलधरमाला मेघपङ्क्तिः, सा मूर्तिः, दिनकरपुत्रीकूले सूर्यतनयातटे यमुनातीरे केलीलोला विलासचपला, भव्याकारा मङ्गलदायिनी, हरितनुः श्रीकृष्णमूर्तिः, 'स्त्रियां मूर्तिस्तनुस्तनूः' इत्यमरः । वः युष्मान्, अव्यात् रक्षतु । पद्येऽस्मिन् रूपकालङ्कारः ।*

---

*अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

न न म य न भ न य
। । । । । । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । । ऽ । । । । । । ऽ ऽ
वसुयुगविरतिनौ म्यौ **पुटो**ऽयम् ॥१॥ **द्रुतपदं** भवति नभनयाश्चेत् ॥ २ ॥

न भ ज र म म म म
। । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ
भुवि भवेन्नभ जरैः **प्रियवंदा**॥३॥सर्वे मा यस्मिन् सोऽयं **विद्याधार**ःस्यात्॥४॥

त भ ज र ज र ज र
ऽ ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ
धीरैरभाणि **ललिता** नभौ जरौ ॥ ५ ॥ लघुर्गुरुर्वदन्ति **पञ्चचामरम्** ॥ ६ ॥

न न भ र त त त त
। । । । । । ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ ।
ननभरसहिता गदि**तोज्ज्वला** ॥ ७ ॥ **सारङ्गसंज्ञं** समस्तैस्तकारैस्तु ॥ ८ ॥

न ज भ य ज ज ज ज
। । । । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ । । ऽ ।
इह **नवमालिका** नजभयैः स्यात् ॥ ९ ॥ समस्तजमीरथ **मौक्तिकदाम** ॥१०॥

भ म स स म भ भ भ
ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ।
पञ्चमुनी म्भौ स्यात् सयुगा **ललना** ॥११॥ **मोटक**नाम समस्तभमीरय ॥१२॥

न न म र न न न न
। । । । । । । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । । । । । । । । । । । ।
ललितमभिहितं नौ म्रौ नामतः ॥१३॥ रविलघु **तरलनयन**मिह ॥ १४ ॥

सफला—जिसके चारों चरणों में मगण, भगण, सगण, मगण हों, चार तथा अन्तिम आठ अक्षरों में यति हो, उसको **जलधरमाला** छन्द कहते हैं।

जो (श्रीकृष्ण की) मूर्ति कलिकलुषों से सन्तप्त भक्तों के सन्ताप को दूर करने के लिये नवीन मेघमाला के समान है, यमुना नदी के तट पर रासलीला में तत्पर मनमोहिनी श्रीकृष्ण की वह मूर्ति आप लोगों की रक्षा करे।

अतिजगती (त्रयोदशाक्षरा वृत्तिः)

म न ज र ग

S S S I I I I S I S I S S

त्र्याशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम् ॥ १३ ॥

गोपीनामधरसुधारसस्य पानैरुत्तुङ्गस्तनकलशोपगूहनैश्च।
आश्चर्यैरपि रतिविभ्रमैर्मुरारेः संसारे मतिरभवत्प्रहर्षिणीह ॥१३॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु मनजरगाः मश्च नश्च जश्च रश्च गश्च ते, द्वन्द्वः; अर्थात् मगणः, नगणः, जगणः, रगणः, गुरुः च भवेत्, तथा त्र्याशाभिः त्रिभिः दशभिः च वर्णैः यतिः स्यात्सेयम् **प्रहर्षिणी** इति।

त्र्यशाभिरिति—इह भूलोके, गोपीनां व्रजवधूनाम्, अधरसुधारसस्य अधरामृतस्य, पानैः सञ्चूषणैः, उत्तुङ्गस्तनकलशोपगूहनैः पीनस्तनघटपरिरम्भणैः, आश्चर्यैः नवनवैः अत एव विस्मयोत्पादकैः, रतिविभ्रमैः रमणप्रकारैः, च, मुरारेः मुधुसूदनस्य श्रीकृष्णस्य, प्रहर्षिणी प्रकृष्टोल्लासदायिनी, मतिः बुद्धिः, अभवत् बभूवेत्यर्थः।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, नगण, जगण, रगण और एक गुरु वर्ण हों तथा तीन एवं दस अक्षरों में यति हो, उसको **प्रहर्षिणी** छन्द कहते हैं।

इस भूलोक में गोपियों के अधरसुधारसपान से, उनके स्तनों के आलिंगन से तथा आश्चर्यजनक रति-क्रीडाओं से श्रीकृष्ण की बुद्धि और भी अधिक आनन्दों की प्राप्ति के लिये प्रवृत्त हुई ॥ १३ ॥

त्रयोदशाक्षरावृत्तेः अष्टौ भेदाः—

ज भ स ज ग

I S I S I I I I S I S I S

जभौ सजौ गिति रुचिरा चतुर्ग्रहैः।

पुनातु वो हरिरतिरासविभ्रमी परिभ्रमन् व्रजरुचिराङ्गनान्तरे ।
समीरणोल्लसितलतान्तरालगो यथा मरुत्तरलतमालभूरुहः ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु जभौ सजौ गिति, जगणः भगणः सगणः जगणः गुरु च वर्णः, भवेत् तथा चतुर्ग्रहैः चतुर्भिः नवभिः वर्णैः यतिः स्यात् तत् **रुचिरा** नाम वृत्तम् ।

पुनात्विति—अतिरासविभ्रमी रासक्रीडायाम् अतिशयविहरणशीलः, हरिः साक्षाद् विष्णुरूपः श्रीकृष्णः, समीरणोल्लसितलतानां मन्दपवनान्दोलितव्रततीनाम्, अन्तरालगः मध्यभागस्थितः, मरुत्तरलः पवनचपलः, तमालाभिधतरुः, यथा तथा व्रजस्य गोकुलस्य, रुचिराङ्गनान्तरे रमणीयरमणीमध्ये, परिभ्रमन् सविलासं नृत्यन्, वः युष्मान्, पुनातु निष्कल्मषान् विदधातु । प्रत्युदाहरणम्—

अभून्नृपो विबुधसखः परन्तपः श्रुतान्वितो दशरथ इत्युदाहृतः ।
गुणैर्वरं भुवनहितच्छलेन यं सनातनः पितरमुपागतः स्वयम् ।। भट्टिः ।।

सफला–जिसके चारों चरणों में जगण, भगण, सगण, जगण और एक गुरु वर्ण हों, चार तथा नौ वर्णों में यति हो, उसको **रुचिरा** नामक छन्द कहते है।

रासलीला में अत्यन्त विहरणशील, साक्षाद् विष्णुरूपी श्रीकृष्ण, मन्दपवन से लहराती हुई लताओं के बीच में स्थित वायु से चञ्चल तमालवृक्ष के सदृश, व्रज की रमणीय रमणियों के बीच में हाव-भाव पूर्ण नृत्य करते हुए आप सबके पापों का विनाश करें ।

म त य स ग

ऽऽऽ ऽ ऽ।।ऽऽ।।ऽऽ

वेदै रन्ध्रैर्म्तौ यसगा मत्तमयूरम् ।
लीलानृत्यन्मत्तमयूरध्वनिकान्तं नृत्यन्नीपामोदिपयोदानिलरम्यम् ।
रासक्रीडाकृष्टमना गोपवधूभिः कंसध्वंसी निजनवृन्दावनमाप ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु म्तौ यसगाः मगणः, तगणः, यगणः, सगणः, गुरुः च भवेत्, वेदैः चतुर्भिः तथा रन्ध्रैः नवाक्षरैः यतिः स्यात्, तद् **मत्तमयूरम्** नाम वृत्तम् ।

लीलेति–गोपवधूभिः व्रजवनिताभिः सह, रासलीलाप्रेरितहृदयः कंसध्वंसी कंसरिपुः, लीलानृत्यन्मत्तमयूरध्वनिकान्तं लीलया हाव-भावाभ्यां नृत्यतां नर्तनम् आचरतां, मत्तमयूराणां प्रमत्तबर्हिणां, ध्वनिभिः केकारवैः, कान्तं कमनीयं,

नीपामोदी कदम्बपुष्पसुगन्धिसंपृक्तः, 'नीपप्रियककदम्बास्तु हरिप्रिये'। इत्यमरः। पयोदानिलः मेघसंसर्गजशीतवायुः तेन रम्यं मनोहारि, निर्जनवृन्दावनं सर्वथा एकान्तं वृन्दारण्यम्, नृत्यन् सविलासं पादक्षेपं कुर्वन्, आप गतवान्। प्रत्युदाहरणम्—

हा तातेति क्रन्दितमाकर्ण्य विषण्णस्तस्यान्विष्यन् वेतसमूढं प्रभवं सः।
शल्यप्रोतं वीक्ष्य सकुम्भं मुनिपुत्रं तापादन्तः शल्य इवासीत्क्षितिपोऽपि ॥रघुवंशे॥

सफला—जिसके चारों चरणों में मगण, तगण, यगण, सगण और एक गुरु वर्ण हों तथा चार एवं नौ अक्षरों में यति हो, उसको **मत्तमयूर** नामक छन्द कहते हैं।

रासलीला में गोपियों द्वारा आकृष्ट चित्त कंस के विनाशक श्रीकृष्ण, हाव-भाव पूर्वक नृत्य करते हुए (घनश्याम को देखकर) मदमत्तमयूरों के केकारव से रमणीय कदम्बकुसुमों के सुवास से सुवासित, बादलों के सम्पर्क से शीतल पवन से आनन्ददायी, सब प्रकार से एकान्त वृन्दावन में नाचते हुए (श्रीकृष्ण) पहुँचे।

न न स स ग

। । । । । । । । ऽ । । ऽ ऽ

नयुगलसयुगलगैरिति चण्डी।

जयति दितिजरिपुताण्डवलीला कुपितकवलकरकालियमौलौ।
चरणकमलयुगचापलचण्डी पदनखरुचिजितभोगमणिश्रीः॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नयुगलसयुगलगैः नयुगलं नगणद्वयं, सयुगलं सगण द्वयं गश्च तेषां द्वन्द्वः एभिः युतं वृत्तं **चण्डी** नामकं भवति।

जयतीत—कुपितकवलकरकालियमौलौ स्वगृहागमनात् कुपितस्य, कवल-करस्य कवलं ग्रासं तत् करस्य आददानस्य, कालियस्य एतन्नामकस्य सर्पविशेषस्य मौलौ शिरसि, अर्थात् यदा श्रीकृष्णः कालियदमनार्थं तत्र गतः तदाः सः तद्भक्ष-णाय मुखं व्यादात् पदनखरुचिजितभोगमणिश्रीः श्रीकृष्णस्य चरणनखानां या रुचिः कान्तिः तया जिता मन्दीकृता भोगमणिश्रीः कालियशिरस्थमणिशोभा, चरणकमलयुगचापलचण्डी पादरक्तोत्पलद्वयपरिवर्तनभयदा, दितिजरिपोः दानव-शत्रोः श्रीकृष्णस्य, ताण्डवलीला नर्तनविभ्रमः, जयति सर्वोत्कर्षेण विराजते।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, नगण, सगण, सगण और एक गुरु वर्ण हों, उसको **चण्डी** नामक वृत्त कहते हैं।

अपने घर आये अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्रोध से उसको निगल जाने के लिये मुख खोले हुए कालिय सर्प के सिर पर चढ़कर (श्रीकृष्ण) अपने चरण नख कान्ति से फण में स्थित मणि-शोभा को तिरस्कृत कर दोनों चरणकमलों की चपलता से भयावह श्रीकृष्ण का नृत्य लोकोत्तर (अनुपम) था।

स ज स ज ग

। । S । S । । । S । S । S

सजसा जगौ च यदि मञ्जुभाषिणी[1] ।

अमृतोर्मिशीतलकरेण लालयंस्तनुकान्तिरोचितविलोचनो हरे !
नियतं कलानिधिरसीति बल्लवी मुदमच्युते व्यधित मञ्जुभाषिणी[2] ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु सजसा जगौ सगणः, जगणः, सगणः, जगणः, गुरु च वर्णः भवेत्, तद् **मञ्जुभाषिणी** नाम वृत्तम् ।

अमृतोर्मीति—हरे ! भगवन् श्रीकृष्ण ! तनुकान्तिरोचितविलोचनः तनुकान्त्या देहप्रभया, रोचितः विलोचनः साभिलाषीकृतसर्वनेत्रः, अमृतोर्मिशीतलकरेण पीयूषतरङ्गसमशिशिरहस्तैः, किरणैः वा, लालयन् सस्नेहं परिस्पृशन्, अस्मानिति भावः, नियतं ध्रुवं, कलानिधिः चन्द्रमाः असि, इति एवम्प्रकारेण, मञ्जुभाषिणी प्रियालापिनी, वल्लवी गोपवनिता, अच्युते श्रीकृष्णे तन्मनसि, मुदं प्रीतिं, व्यधित जनयामास । पद्येऽस्मिन् काव्यलिङ्गमलङ्कारः ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में सगण, जगण, सगण, जगण और एक गुरु वर्ण हों, उसको **मञ्जुभाषिणी** छन्द कहते हैं ।

हे हरे (श्रीकृष्ण) ! आप अपने शरीर की सुन्दरता से व्रजवासी जनों के नेत्रों को आकृष्ट कर लेते हैं और अमृत लहरों के समान शीतल करों (हाथों या किरणों) से स्नेह सहित हमको स्पर्श करते हैं। अतः आप निःसन्देह (आह्लादक तथा शीतस्पर्श होने के कारण) चन्द्रमा हैं, इस तरह मधुरभाषिणी गोपिका ने श्रीकृष्ण के मन को आनन्दित किया ।

न न त त ग

। । । । । । S S । S S । S

ननततगुरुभिश्चन्द्रिकाश्वर्तुभिः ।

---

१. सुनन्दिनीति नामभेदो ग्रन्थातरे ।

२. तनुकान्तिचोरितविलोचनः । इति पाठभेदः ।

शरदमृतरुचश्चन्द्रिकाक्षालिते दिनकरतनयातीरदेशे हरिः ।
विहरति रभसाद्वल्लवीभिः समं त्रिदिवयुवतिभिः कोऽपि देवो यथा ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु ननततगुरुभिः नगणः, नगणः, तगणः, तगणः गुरुः च वर्णः भवेत् तथा अश्वऋतुभिः अश्वैः सप्तभिः, ऋतुभिः षडक्षरैः यतिः स्यात्, तत् **चन्द्रिका** नाम वृत्तम् ।

शरदमृतेति—हरिः श्रीकृष्णः, शरदमृतरुचः शारदीयचन्द्रमसः चन्द्रिकाभिः क्षालिते निर्मलीकृते, दूरीकृतान्धकारेत्याशयः, दिनकरतनयातीरदेशे यमुनातट-भूमौ, वल्लवीभिः गोपाङ्गनाभिः समं साकं, त्रिदिवयुवतिभिः सुरवनिताभिः, समं, कोऽपि देवः अन्यतमः सुर इव, रभसात् हर्षातिरेकात्, विरहति विहारं करोतीति । प्रत्युदाहरणम्—

इह दुरधिगमैः किञ्चिदेवागमैः सततमसुतरं वर्णयन्त्यन्तरम् ।
अमुमतिविपिनं वेद दिग्व्यापिनं पुरुषमिव परं पद्मयोनिः परम् ॥ भारविः ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में नगण, नगण, तगण, तगण तथा गुरु वर्ण हों तथा सात और छः अक्षरों में यति हो, उसको **चन्द्रिका** नामक छन्द कहते हैं ।

श्रीकृष्ण शरत् कालीन चन्द्रमा की कान्ति से प्रभावित यमुना नदी के तट पर गोपियों के साथ विहार कर उस प्रकार प्रसन्न हो रहे हैं, जिस प्रकार अप्सराओं के साथ विहार करने पर देवता प्रसन्न होते हैं ।

स ज स स ग

।।ऽ।ऽ। ।।ऽ।।ऽऽ

सजसा सगौ च कथितः कलहंसः[1] ।
यमुनाविहारकुतुके कलहंसो व्रजकामिनीकमलिनीकृतकेलिः ।
जतचित्तहारिकलकण्ठनिनादः प्रमदं तनोतु तव नन्दतनूजः[2] ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु सजसाः सगणः, जगणः, सगणः, सगौ सगणः, गुरुः च भवेत्, तत् **कलहंसः** नाम वृत्तम् ।

यमुनेति—यमुनाविहारकुतुके सूर्यतनयाजलक्रीडाकौतुके, 'कौतूहलं कौतुकञ्च कुतुकञ्च कुतूहलम्' इत्यमरः । व्रजकामिनीकमलिनीकृतकेलिः व्रजकामिन्यः व्रजसुन्दर्यः एव कमलिन्यः पद्मिन्यः, तासु कृतकेलिः रचितक्रीडः,

---

१. 'उत्पलिनीति' केचित् । २. 'सिंहनादः' क्वापि ।

जनचित्तहारि-कलकण्ठनिनादः जनचित्तहारी मानवमनमोहकः, यः कलकण्ठ-निनादः मधुरकलरवः, कलहंसः हंसविशेषः, नन्दतनूजः नन्दतनयः श्रीकृष्णः, तव भवतः, प्रमदम् आनन्दातिशयं, तनोतु विस्तारयतु। पद्येऽस्मिन्—व्रजकामिनीकमलिनीत्यत्र रूपकालङ्कारः।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः सगण, जगण, सगण, सगण और एक गुरु वर्ण हों उसको **कलहंस** नामक छन्द कहते हैं।

अपने घर में आये हुए व्यक्ति को देखकर कुपित कालियनाग मुख खोलकर श्रीकृष्ण को खाने के लिए ज्यों ही तैयार हुआ उसी समय उसके फण पर चढ़ गये और अपने चरणनखों की कान्ति से सर्पमणि की कान्ति को हतप्रभ कर (उस समय) दैत्यों के विनाशक श्रीकृष्ण की नृत्यलीला आप सबको आनन्दित करे।

स ज स ज ग

। । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

सजसा जगौ च भवति प्रबोधिता[1]।

शयिता मृषा चटुलमाननिद्रया रतिकेलिकुञ्जनिलये विलासिनी।
मुखवैरिणा वदनचुम्बनादिना स्मितमाततान सपदि प्रबोधिता[2]॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु पादेषु सजसाः सगण-जगण-सगणाः तथा जगौ जगणः एकः गुरु वर्णः च भवेत्, तत् **प्रबोधिता** नाम वृत्तम्।

शयितेति—मृषा वितथं, 'मृषा मिथ्या च वितथे' इत्यमरः। चटुलमान-निद्रया चपलप्रणयरोषस्वापेन, रतिकेलिकुञ्जनिलये रमणहेतुकविहारलतागृहे, शयिता निद्राणा, विलासिनी काचिद्व्रजवधूटी, मुखवैरिणा श्रीकृष्णेन, वदनचुम्बना-दिना मुखचुम्बनादिव्यवहारेण, सपदि त्वरितं, प्रबोधिता विनिद्रीकृता, सती, स्मितम् मन्दहास्यम्, आततान अकरोदित्यर्थः। सपदि निर्माना जातेत्याशयः।

सफला—जिसके चारों चरणों में सगण, जगण, सगण, जगण और एक गुरुवर्ण हों, उसको **प्रबोधिता** नामक छन्द कहते हैं।

विहार के लिये निर्मित लतामण्डप में क्षणभंगुर प्रणय कोप से झूठे ही सोने का स्वांग रची हुई किसी विलास करने की इच्छुक गोपी को श्रीकृष्ण ने

---

१. मञ्जुभाषिणीप्रबोधितयोरेकलक्षणत्वादिदं लक्षणान्तरकरणं प्रामादिकमिति।
२. 'श्रवणखर्जनादिना' इत्यपि पाठभेदः क्वचित्।

मुख चुम्बन द्वारा जगा दिया और वह तत्काल उठकर मुस्कुराने लगी, अर्थात् उसका भानभङ्ग हो गया।

विशेष—प्रस्तुत छन्द के पूर्व ग्रन्थकार ने 'मञ्जुभाषिणी' का भी समावेश इस ग्रन्थ में किया है जब प्रबोधिता और मञ्जुभाषिणी के लक्षण में कोई अन्तर नहीं है। अतः इसको ग्रन्थकार का प्रमाद ही कहा जायगा।

न ज ज र ग

। । । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

भवति मृगेन्द्रमुखं नजौ जरौ गः

गुरुभुजवीर्यभरं हरिं मदान्धा युधि समुपेत्य न दानवा जिजीवुः।
क्षुधितमृगेन्द्रमुखं मृगा उपेत्य क्व नु खलु बिभ्रति जीवनस्य योगम् ?॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नजौ जरौ गः नगणः, जगणः, जगण, रगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **मृगेन्द्रमुखं** नाम वृत्तम्।

गुरुभुजेति—मदान्धाः गर्वेण दृष्टिशून्याः, दानवाः दैत्याः, युधि आजौ, गुरुभुजवीर्यभरं महद्बाहुशक्त्यतिशयः यस्य तं, हरिं श्रीकृष्णं, समुपेत्य प्राप्य, न नहि, जिजीवुः प्राणान् धारितवन्तः, अर्थात् गतासवः समभवन्। इदमेव प्रकारान्तरेण निर्दिशति—मृगाः हरिणादयो वन्यपशवः क्षुधितमृगेन्द्रमुखं बुभुक्षितसिंहसम्मुखम्, उपेत्य गत्वा, क्व नु खलु जीवनस्य स्वकीयजीविताशायाः, योगं संयोगं, बिभ्रति धारणं कुर्वन्ति अर्थात् न केऽपीत्याशयः।*

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

य म र र ग य य य य ग
। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ
यमौ रौ विख्याता **चञ्चरीकावली** गः॥१॥ इदं **कन्दुकं** यत्र येभ्यश्चतुर्भ्यो गः॥५॥

न स र र ग
। । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ
नसरयुगगैश्चन्द्ररेखतुलोकैः ॥२॥

ज स त स ग त भ स ज ग
। ऽ । । । ऽ ऽ ऽ । । । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । । । । ऽ । ऽ । ऽ
उपस्थितमिदं ज्सौ त्सौ सगुरुकं चेत् ॥३॥ एते क्रमात्तभसजसंज्ञका गणा

ज त स ज ग
। ऽ । ऽ ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ
जतौ सजौ गो भवति **मञ्जुहासिनी**॥४॥ नागाधिपो वदति तथा **प्रभावतीम्**॥

गश्चान्ततो यदि निहितो महीपते !।
वेदैर्ग्रहैश्च भवति यतिश्च शोभना

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, जगण, जगण, रगण और एक गुरु वर्ण हों उसको **मृगेन्द्रमुख** नामक छन्द कहते हैं।

अपने बल-पराक्रम के मद से उन्मत्त दानव युद्धभूमि में लोकोत्तर सामर्थ्य युक्त भगवान् श्रीकृष्ण के सामने पहुँचकर जीवित नहीं रह सके। जैसे **मृग** आदि जंगली पशु भूखे सिंह के सामने पड़कर कहीं अपने जीवन का त्राण नहीं पाते अर्थात् मार दिये जाते हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के सामने आये हुए दानवों की स्थिति हुई।

शर्करी (चतुर्दशाक्षरा वृत्तिः)।

म ग ग न न म

S S S S S I I I I I I S S S

मो गौ नौ मश्चेच्छरनवभिरसम्बाधा ॥१४॥

वीर्याग्नौ येन ज्वलति रणवशात्क्षिप्ते दैत्येन्द्रे जाता धरणिरियमसम्बाधा।
धर्मस्थित्यर्थं प्रकटिततनुसम्बन्धः साधूनां बाधां प्रशमयतु स कंसारिः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमशः मगणः, द्वौ गुरुवर्णौ, नगणः, नगणः, मगणः च भवेत् पञ्चभिः नवभिः च अक्षरैः यतिः स्यात्, तत् **असम्बाधा** नाम वृत्तम्।

वीर्याग्नाविति—येन श्रीकृष्णेन, रणवशात् युद्धं कृत्वा, ज्वलित प्रदीप्ते, वीर्याग्नौ शक्तिरूपे वह्नौ, दैत्येन्द्रे कंसे, क्षिप्ते पातिते सति, इयं धरणिः भूमिः, असम्बाधा आधिव्याधिरहिता, जाता बभूवेत्याशयः धर्मस्थित्यर्थं धर्मस्य रक्षार्थं, प्रकटिततनुसम्बन्धः उत्पादितशरीरपरिग्रहः येन तादृशः, निर्गुणोऽपि सगुणरूपं दधानः स प्रसिद्धः, कंसारिः श्रीकृष्णः, साधूनां महापुरुषाणां, बाधां दुःखं, प्रशमयतु दूरीकरोतु।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, दो गुरुवर्ण, नगण, नगण, मगण हों और पाँच-नौ अक्षरों में यति हो, उसको **असम्बाधा** नामक छन्द कहते हैं।

जिस भगवान् श्रीकृष्ण ने युद्ध की रचना कर अपनी प्रज्वलित प्रतापरूपी अग्नि में दैत्यराज कंस को भस्मकर के इस भारतभूमि को सब प्रकार से

निरुपद्रव कर दिया, धर्म की पुनः स्थापना के लिये जिन्होंने श्रीकृष्ण रूप शरीर को धारण किया, ऐसे कंसारि (श्रीकृष्ण) सज्जनों के कष्टों को दूर करें।

त भ ज ज ग ग
S S I S I I I S I I S I S S
ज्ञेयं वसन्ततिलकं तभजा जगौ गः।
फुल्लं वसन्ततिलकं तिलकं वनाल्या
लीलापरं पिककुलं कलमत्र रौति।
वात्येष पुष्पसुरभिर्मलयाद्रिवातो
यातो हरिः स मथुरां विधिना हताः स्मः[1] ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु तभजा जगौ गः अर्थात् तगणः, भगणः, जगणः, जगणः तथा द्वौ गुरुवर्णौ भवेतां तत् **वसन्ततिलकं** नाम वृत्तम्।

फुल्लमिति—वनाल्याः काननपङ्क्तेः, तिलकं विशेषकरूपं, वसन्ततिलकम् ऋतुसार्वभौमस्य तिलकं क्षुरकवृक्षपुष्पं, 'तिलकः क्षुरकः श्रीमान्'। इत्यमरः। फुल्लं विकसितम्, अत्र वसन्ताऽऽख्ये काले, लीलापरं विहारानुरक्तं पिककुलं परभृतसमूहः, कलम् अस्फुटमधुरं, यथा तथा 'ध्वनौ तु मधुराऽस्फुटे, कलः'। इत्यमरः। रौति कूजतीत्याशयः, पुष्पसुरभिः कुसुमसौरभेण आनन्ददायकः, मलयाद्रिवातः दक्षिणदेशस्थमलयगिरिसमीरः, वाति शनैः शनैः वहति। इत्थं सर्वविधसौख्यदायकं वस्तु अत्र सन्निहितं वर्तते। सः सकलजनमनोहरः, हरिः श्रीकृष्णः, मथुरां वसुदेवगृहे, यातः गतः, अतः वयं वृन्दावनवासिनः, विधिना भाग्येन, हताः क्लेशिताः स्म इति। विरहविधुरव्रजवल्लवीनाम् इयमुक्तिः।

विशेष—छन्दःशास्त्रप्रवर्तकैः प्राक्तनैराचार्यैः वसन्ततिलकवृत्तस्य नामान्तराणि इत्थमाम्नातानि—

उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौगः, सिंहोन्नतेयमुदिता मुनिकाश्यपेन।
उद्धर्षिणीति गदिता मुनिसैतवेन, रामेण सेयमुदिता मधुमाधवीति ॥

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः तगण, भगण, जगण, जगण और दो गुरुवर्ण हों, उसको **वसन्ततिलक** नामक छन्द कहते हैं।

वनपंक्ति (रूपीस्त्री) के माथे पर तिलक की भांति तिलक-पुष्प खिला है, क्रीड़ा में आसक्त कोकिल समूह मधुर कलरव कर रहा है और यह सुगन्धित

१. 'सिंहोद्धता' क्वापि।

मलय पवन बह रहा है। उपर्युक्त सभी सुखद उपकरण उपस्थित हैं, किन्तु हम लोगों (वृजवासियों) का दुर्भाग्य है कि ऐसे समय में श्रीकृष्ण (हम सबको छोड़कर) मथुरा (वसुदेव के घर) चले गये हैं, अतः उन्होंने हमको निराश कर डाला। अर्थात् उनके विरह से हम निष्प्राण हो गयी हैं।

न न र स ल ग
। । । । । । S । । । । S । S
ननरसलघुगैः स्वरैरपराजिता।

यदनवधिभुजप्रतापकृतास्पदा, यदुनिचयचमूः परैरपराजिता।
व्यजयत समरे समस्तरिपुव्रजं, स जयति जगतां गतिर्गरुडध्वजः॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु ननरसलघुगैः नगणः, नगणः, रगणः, सगणः, एकः लघुः, एकः गुरुः च भवेत् तत् **अपराजिता** नाम वृत्तम्।

यदिति–यस्य श्रीकृष्णस्य, अनवधिभुजप्रतापकृतास्पदा अनवधौ सीमारहिते अपारे, भुजप्रतापे बाहुबले, कृतं विहितम् आस्पदं स्थितिः यया सा तथोक्ता, अत-एव परैः रिपुभिः, अपराजिता अपराभूता, यदुनिचयचमूः यादवानां सेना, समरे आहवे, समस्तम् अखिलं, रिपुव्रजं शत्रुसमूहं, व्यजयत जितवतीत्यर्थः, जगतां भुवनानां, गतिः आश्रयस्थानं, स सुविदितः, गरुडध्वजः विष्णोरवतारस्वरूपः श्रीकृष्णः, जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तेतेतमाम्।

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, नगण, रगण, सगण, एक लघु और एक गुरु वर्ण हों, उसको **अपराजिता** छन्द कहते हैं।

जिस श्रीकृष्ण के निःसीम बाहुबल के प्रताप से यादवों की सेना ने अपने समस्त शत्रुओं को जीता, तीनों लोकों के आश्रयस्थान, सुप्रसिद्ध, गरुड़वाहनवाले, विष्णु के अवतार स्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण की जय हो।

न न भ न ल ग
। । । । । । S । । । । । । S
ननभनलगिति प्रहरणकलिका।

व्यथयति कुसुमप्रहरण ! कलिका, प्रमदवनभवा तव धनुषि तता।
विरहविपदि मे शरणमिह ततो, मधुमथनगुणस्मरणमविरतम्॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु ननभनलगिति नगणः, नगणः, भगणः, नगणः, लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **प्रहरणकलिका** नाम वृत्तम्।

व्यथयतीति—कुसुमप्रहरण ! पुष्पसायक ! कामदेवेत्यर्थः, 'शम्बरारिर्मनशिजः कुसुमेषुरनन्यजः' । इत्यमरः । तव भवतः, धनुषि कार्मुके, तता वितता, आरोपितेत्यर्थः, प्रमदवनभवा अन्तःपुरोद्यानसञ्जाता, कलिका कोरकः, व्यथयति उद्वेजयति, मामित्यन्वयः ततः तस्माद् हेतोः, इह अस्यां, विरहविपदि वियोग-रूपकष्टे, अविरतं सततं, मधुमदनस्य मधुसूदनस्य श्रीकृष्णस्य, गुणस्मरणं सद्गुण-चिन्तनं, ध्यानमेव, मे मम ग्रन्थकर्तुः, शरणम् आश्रयस्थानमस्तीति भावः । कस्याश्चित् कृष्णविरहविह्वलाया गोपवनिताया इयमुक्तिः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, नगण, भगण, नगण, लघु और गुरुवर्ण हों, उसको **प्रहरणकलिका** छन्द कहते हैं ।

किसी विरहिणी गोपी का यह कथन है—हे कामदेव ! बाण के रूप में आपके धनुष पर चढ़ी हुई रनिवास के बगीचे में उत्पन्न फूल की कलिका मेरे हृदय को पीड़ित कर रही है । इसलिये इस विरहजनित विपत्ति की स्थिति में निरन्तर श्रीकृष्ण का गुणानुवाद (ध्यान) मात्र ही मेरी रक्षा का साधन है । क्योंकि भगवत् स्मरण सब प्रकार की विपत्तियों को दूर करता है ।

म त न म ग ग

S S S S S I I I I S S S S S

मात्तो नो मो गौ यदि गदिता वासन्तीयम् ।

भ्राम्यद्भृङ्गीनिर्भरमधुरालापोद्गीतैः
श्रीखण्डाद्रेरद्भुतपवनैर्मन्दान्दोला ।
लीलालोला पल्लवविलसद्धस्तोल्लासैः
कंसारातौ नृत्यति सदृशी वासन्तीयम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु मात्तो नो मो गौ मगणः, तगणः, नगणः, मगणः, गुरुः, गुरुः च भवेत्, तद **वासन्ती** नाम वृत्तम् ।

भ्राम्यदिति—कंसारातौ कंसशत्रौ श्रीकृष्णे, नृत्यति नृत्यं कुर्वति सति, श्रीखण्डाद्रेः मलयगिरेः, अद्भुतपवनैः विस्मयजनकवायुभिः, चन्दनस्पर्शात् तत्र अद्भुतत्वम्, मन्दान्दोला मन्दः स्वल्पः आन्दोलः चलनं यस्याः सा तथोक्ता, भ्राम्यद्भृङ्गीनिर्भरमधुरालापोद्गीतैः भ्राम्यन्तीनां परिभ्रमणशीलानां, भृङ्गीणां भ्रमरवनितानां, निर्भरैः अत्यधिकैः, मधुरालापैः कर्णसुखदगुञ्जनैरेव, उद्गीतैः गीतिभिः संयुता लीलालोलाः क्रीडाभिः चपलाः पल्लवाः किसलयाः एव

विलसन्तः शोभां प्राप्नुवन्तः, हस्तोल्लासाः उल्लसितहस्तैः युक्ता, इयं वासन्ती माधवीलता तत्तुल्या अभूदित्यर्थः ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, तगण, नगण, मगण और दो गुरु वर्ण हों, उसको **वासन्ती** नामक छन्द कहते हैं ।

यमुना की कछारों के समीप जब श्रीकृष्ण नृत्य कर रहे थे, उस समय यह वासन्ती लता इधर-उधर उड़ती हुई भ्रमरियों की गुनगुनाहट को लेकर मानो गा रही थी, मलयाचल की सौरभपूर्ण वायु से यह अठखेलियां लेने लगी जो नृत्य में स्वाभाविक है । इस प्रकार हिलने-डुलने से इसके पत्ते ऐसे प्रतीत हो रहे थे, मानों यह अपने हाथों को नचा रही हो । इस पद्य में **उत्प्रेक्षाऽलंकार** है ।

म स म भ ग ग

S S S । । S S S S S । । S S

द्विःसप्तच्छिदि लोला म्सौ म्भौ गौ चरणे चेत् ।
मुग्धे ! यौवनलक्ष्मीर्विद्युद्विभ्रमलोला,
त्रैलोक्याद्भुतरूपो गोविन्दोऽतिदुरापः ।
तद् वृन्दावनकुञ्जे गुञ्जद्भृङ्गसनाथे,
श्रीनाथेन समेता स्वच्छन्दं कुरु केलिम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु म्सौ म्भौ **गौ** मगणः, सगणः, मगणः, भगणः, गुरुद्वयं च भवेत्, तत् **लोला** नाम वृत्तम् । अत्र सप्तभिः सप्तभिः च वर्णैः यतिः भवति ।

मुग्धे इति—काचित् सखी स्वां मुग्धां सखीम् इत्थं प्रतिबोधयन्ती कथयति—मुग्धे ! सरले !, मुह् वैचित्त्ये धातोः क्तप्रत्ययान्तमिदं रूपम् । यौवनलक्ष्मीः तरुणावस्थायाः शोभा, विद्युद्विभ्रमलोला तडिद्विलासचञ्चला, त्रैलोक्याद्भुतरूपा त्रैलोक्ये भुवनत्रितये, अद्भुतरूपः लोकोत्तरस्वरूपश्रिया युक्तः, गोविन्दः श्रीकृष्णः अतिदुरापः अत्यन्तं कष्टेन प्राप्तुं योग्यः, अर्थात् सुकृतशतैर्लभ्य इत्याशयः । त्वया तु इदानीं स लब्धः, अतस्त्वं, तत् ततः, गुञ्जद्भृङ्गसनाथे गुञ्जद्भ्रमर-विलसिते, वृन्दावनकुञ्जे वृन्दावनस्थितलतामण्डपे, श्रीनाथेन श्रीकृष्णेन, समेता सङ्गता सती, स्वच्छन्दं निश्चिन्ता भूत्वा सुखेन, केलिं सर्वविधक्रीडां, कुरु विधेहि ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, सगण, मगण, भगण और दो गुरुवर्ण हों उसको **लोला** नामक छन्द कहते हैं । इसमें सात-सात वर्णों पर यति होती है ।

कोई सखी अपनी सीधी-साधी सखी को समझाती हुई कह रही है—हे सरल स्वभाव वाली ! जवानी बिजली की चमक के समान क्षणभंगुर है और लोकोत्तरसौन्दर्य युक्त श्रीकृष्ण की प्राप्ति भी कठिन है। (इस समय श्रीकृष्ण तुम्हारे सामने विराजमान हैं) अतः तुम भ्रमरों की गुन-गुनाहट से मुखरित इन वृन्दावन के लतामण्डपों में श्रीकृष्ण के साथ स्वच्छन्द हो विहार करो।

न न त त ग ग

। । । । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

स्वरभिदि यदि नौ तौ च नान्दीमुखी गौ।

सरसखगकुलालापनान्दीमुखीयं लहरिभुजलया चारुफेनस्मितश्रीः।
मुरहर ! कलयासत्तिमासाद्य किं ते प्रमुदितहृदया भानुजा नृत्यतीह ? ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नौ तौ गौ नगणः, नगणः, तगणः, तगणः, गुरुद्वयम् च भवेत्, तत् **नान्दीमुखी** नाम वृत्तम्। अत्र सप्त-सप्तवर्णैः यतिः।

सरसेति—मुरहर ! मुरारे !, सरसखगकुलालापनान्दीमुखी सरसा कर्णसुखदा, यः खगकुलस्य पक्षिसमूहस्य, कलरवः, स एव नान्दीमुखं भद्रस्तुतिप्रारम्भः यस्याः सा, चारुफेनस्मितश्रीः चार्वी मनोहरा, फेन एव स्मितश्रीः मन्दहासशोभा यस्याः सा, लहरिभुजलया लहर्यः तरङ्गा एव भुजलया सङ्गीतजहस्तलयसनाथा, इयं भानुजा यमुना, ते तव आसत्तिं सामीप्यम्, आसाद्य लब्ध्वा, प्रमुदितहृदया प्रसन्नचित्ता इव, नृत्यति किम् नर्तनं करोति किम् इति कलय।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, नगण, तगण, तगण और दो गुरु वर्ण हों, उसको **नान्दीमुखी** नामक छन्द कहते हैं। इसमें सात-सात वर्णों पर यति होती है।

हे मुरारि (श्रीकृष्ण) ! आपको अपने तट पर पाकर प्रसन्नता से मानो यमुना नाच रही है। पक्षिगण अपने मधुरकलरव द्वारा नान्दीपाठ (मंगलगान) कर रहे हैं। इसका सफेद झाग ही मधुर मुसकान की शोभा है और लहर रूपी भुजायें ताल दे रही हैं। इस पद्य में उत्प्रेक्षा और रूपक अलंकार है।

अतिशर्करी (पञ्चदशाक्षरा वृत्तिः)

। । । । । । । । । । । । । । ऽ

गुरुनिधनमनुलघुरिह शशिकला ॥ १५ ॥

मलयजतिलकसमुदितशशिकला, व्रजयुवतिलसदलिकगगनगता ।
सरसिजनयनहृदयसलिलनिधिं, व्यतनुत विततरभसपरितरलम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु चतुर्दशाक्षराणां पश्चादन्ते एकः गुरुः वर्णः भवेत् तद् वृत्तं **शशिकला** नाम ।

मलयजेति—व्रजयुवतिलसदलिकगगनगता व्रजवनितानां व्रजाङ्गनानां, लसत् शोभां बिभ्रत् अलिकं ललाटं, 'ललाटमलिकं गोधि' । इत्यमरः । तदेव गगनं नभः, तत्र गता प्राप्ता, मलयजतिलकसमुदितशशिकला मलयजस्य चन्दनस्य, 'घनसारो मलयजो भद्रश्रीश्चन्दनोऽस्त्रियाम्' । इत्यमरः । तिलकं विशेषकं तदेव समुदिता उत्पन्ना, शशिकला चन्द्रलेखा, सरसिजनयनहृदयसलिलनिधिं सरसिजनयनस्य पुण्डरीकलोचनस्य श्रीकृष्णस्येत्यर्थः, हृदयम् मानसमेव, सलिलनिधिः समुद्रः तम्, विततरभसपरितरलम्=विततेन व्यायतेन, रभसेन हर्षेण, परितरलम् अत्यन्तचपलं, व्यतनुत चकारेत्यर्थः । अत्र रूपकालङ्कारः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में १४वें लघु वर्ण के पश्चात् अन्तिम (१५ वाँ) वर्ण गुरु हो, उसको **शशिकला** नामक छन्द कहते हैं ।

व्रजयुवतियों के मस्तक रूपी आकाश में स्थित (लगाये हुए) चन्दन तिलक रूपी चन्द्रकला ने श्रीकृष्णचन्द्र के हृदय-समुद्र को अत्यन्त प्रसन्नता के कारण सहसा चञ्चल बना दिया ।

विशेष—जिस प्रकार चन्द्रमा की प्रारम्भिक १४ कलायें लघु होती हैं और १५ वीं कला पूर्ण (गुरु) होती हैं, ठीक उसी प्रकार यह छन्द भी मात्रा की दृष्टि से अपना नाम सार्थक कर रहा है ॥ १५ ॥

पञ्चदशाक्षरावृत्तेः अष्टौ भेदाः—

स्रगियमपि च रसनवरचितयतिः ।

अयि ! सहचरि ! रुचिरतरगुणमयी, म्रदिमवसतिरनपगतपरिमला ।
स्रगिव निवस बिलसदनुपरमसा, सुमुखि ! मुदितदनुजदलनहृदये ॥

सुषमा—यतिभेदाच्छन्दोभेदस्तस्य उदाहरणम्—शशिकलावृत्ते यदि रसनवरचितयतिः रसैः षड्भिः, नवभिः च वर्णैः यतिः स्यात्, तदा **स्रक्** नाम वृत्तम् ।

अयीति—अयि ! सुमुखि ! शोभनानने ! सहचरि ! सखि !, रुचिरतरगुणमयी रुचिरतरा सुन्दरतरा, गुणमयी समस्तसद्गुणसमन्विता, किंवा रुचिरतरसूत्रेण युक्ता, म्रदिमवसतिः म्रदिम्नः कोमलतायाः, वसतिः निकेतनं वासस्थानमित्या-

शयः, अनपगतपरिमला सौरभयुक्ता, पक्षे—अनास्वादितयौवनरसा, विलसदनुपमरसा शोभमानाद्वितीयास्वादा, परागः च, यस्याः सा तादृशी त्वं, मुदितदनुजदलनहृदये प्रसन्नमुरारिवक्षःस्थले, स्रगिव वनमालेव, निवस वासं कुरु।

सफला—स्रक् नामक छन्द में ६ और ९ वर्णों पर यति होती है। शेष लक्षण **शशिकला** के समान हैं।

कोई सखी अपनी सखी से कह रही है कि तुम उस वनमाला के समान हो जिसको भगवान् सदा धारण करते हैं। हे सखि ! वह माला सुन्दर डोरे में पिरोई गई है, पराग युक्त होने कारण सुगन्धित और भगवान् के हृदय में विराजमान है। तथा तुम्हारे में अनेक गुण हैं; तुम कुसुम कोमल, सुवासयुक्त, अनुरागमय हो अतः माला के सदृश उनके हृदय में धारण करने के योग्य हो।

वसुमुनियतिरिति मणिगुणनिकरः।

नरकरिपुरवतु निखिलसुरगति-रमितमहिमभरसहजनिवसतिः।
अनवधिमणिगुणनिकरपरिचितः, सरिदधिपतिरिव धृततनुविभवः॥

सुषमा–यतिभेदाच्छन्दोभेदस्तस्य उदाहरणम्—शशिकलावृत्ते यदि वसुमुनियतिरिति अष्टाभिः सप्तभिः च यतिः स्यात् तदा **मणिगुणनिकरः** नाम वृत्तं भवेत्।

नरकेति–निखिलसुरगतिः समस्तदेवगणस्य आश्रयः, अमितमहिमभरसहजनिवसतिः अमितः पर्याप्तः यः महिमभरः महिमातिशयः तस्य सहजा नैसर्गिकी निवसतिः वासस्थानम्, अनवधिमणिगुणनिकरपरिचितः अनवधयः सीमारहिताः, ये मणयः रत्नानि तदिव भासमानाः गुणाः मनोहरत्वादयः, तेषां निकरेण समूहेन, परिचितः सुविज्ञातः। समुदपक्षे–प्रभूतमणिसद्गुणसमूहदीप्यमानः, सरिदधिपतिः सिन्धुः इव, धृततनुविभवः गृहीतशरीरसम्पत्तिः, एवम्भूतः नरकरिपुः नरकासुरनाशकः, भगवान् श्रीकृष्णः, अवतु पातु। पद्येऽस्मिन् 'सरिदधिपतिरिवे'त्यत्रोपमालङ्कारः।

सफला–यति भेद से छन्द भेद का दूसरा उदाहरण—यदि शशिकला छन्द में आठ और सात वर्णों पर यति हो तो इसको **मणिगुणनिकर** छन्द कहते हैं।

सम्पूर्ण देवताओं के आश्रयस्थान, निस्सीम माहात्म्य के जन्मजात निवासस्थान, अगणित मणिगण के सदृश प्रकाशमान गुणों से चमकने वाले समुद्र के समान शरीरसम्पत्ति से युक्त नरकासुर के विनाशक भगवान् श्रीकृष्ण रक्षा करें।

न न म य य
। । । । । । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ।
मृगमदकृतचर्चा पीतकौशेयवासा
रुचिरशिखिशिखण्डाऽऽबद्धधम्मिल्लपाशा ।
अनृजुनिहितमंसे वंशमुक्त्वाणयन्ती
धृतमधुरिपुलीला मालिनी पातु राधा ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु ननमयययुता नगणः, यगणः, मगणः, यगणः, यगणः तथा भोगिलोकैः अष्टभिः सप्तभिः च वर्णैः यतिः भवेत् तत् मालिनी नाम वृत्तम् ।

मृगमदेति—मृगमदकृतचर्चा कस्तूरिकयाकृताऽऽलेपा, कृष्णेन सह कृतवर्णसाम्या, पीतकौशेयवासा पीतक्षौमवस्त्रं दधाना, रुचिरशशिशिखण्डाऽऽबद्धधम्मिल्लपाशा रुचिरैः सुन्दरैः शिखिनां बर्हिणां शिखण्डैः बर्हैः आबद्धः संयतः धम्मिल्लपाशः केशसमूहः यया सा, मालिनी स्रग्विणी, अंशे स्कन्धदेशे, अनृजुनिहितं तिर्यक्स्थापितं वंशं वाद्यविशेषम्, उत्क्वाणयन्ती उच्चैः वादयन्ती, अत एव सर्वात्मना धृतमधुरिपुलीला स्वीकृतश्रीकृष्णविलासा राधा, पातु रक्षतु ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, नगण, मगण, यगण, यगण हों तथा आठ और सात अक्षरों में यति हो, उसको मालिनी छन्द कहते हैं ।

अपने (गौरवर्ण के) शरीर में कस्तूरी का अङ्गराग लगाकर (अर्थात् अपने को साँवली बनाकर), पीले रेशमी वस्त्र धारण कर, मनोहर मयूर पंखों को अपने जूड़ा में लगाकर, गले में माला धारण कर, तिरछे कन्धे पर मुरली को रखकर बजाती हुई, इस प्रकार (सब भाँति) श्रीकृष्ण का अनुकरण करने वाली राधा रक्षा करे ।

म म म म म
ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ

एकन्यूनौ विद्युन्मालापादौ चेल्लीलाखेलः ।
पायाद्वो गोविन्दःकालिन्दीकूलक्षोणीचक्रे
रासोल्लासक्रीडद्गोपीभिः सार्धं लीलाखेलः ।
मन्दाकिन्यास्तीरोपान्ते स्वैरक्रीडाभिर्लोलो
यद्वद् देवानामीशः स्वर्वेश्याभिः खेलन्तीभिः ॥

सुषमा–विद्युन्माला, अष्टाक्षरावृत्तिः, द्विगुणिताद् विद्युन्मालावृत्ततः प्रत्येकस्मिन् पादे एकाक्षरस्य न्यूनत्वे **लीलाखेलः** नाम वृत्तं भवेत्। इदं सर्वगुरु भवति।

पायादिति—कालिन्दीकूलक्षोणीचक्रे यमुनातीरस्थितवर्तुलाकारभूप्रदेशे, रासोल्लासक्रीडद्गोपीभिः रासलीलायां हर्षातिशयेन नृत्यन्तीभिः व्रजसुन्दरीभिः, सार्धं सह, लीलाखेलः विलासपूर्विकाक्रीडा यस्य तादृशः, मन्दाकिन्यास्तीरोपान्ते मन्दाकिनी नद्यास्तीरभूमौ, स्वैरक्रीडाभिः स्वच्छन्दखेलाभिः, खेलन्तीभिः विहरन्तीभिः, स्वर्वेश्याभिः सुरसुन्दरीभिः, लोलः विलासेन चपलः, देवानामीशः यद्वत् सुरेन्द्रः तदिव, गोविन्दः श्रीकृष्णः, वः युष्मान्, पायाद् रक्षां कुर्यात्। पद्येऽस्मिन्नुपमालङ्कारः। प्रत्युदाहरणम्—

मः कान्ते ! पक्षस्यान्ते पर्याकाशे देशे स्वाप्सीः
कान्तं वक्त्रं वृत्तं पूर्णं चन्द्रं सत्वा रात्रौ चेत्।
क्षुत्क्षामः प्राटंश्चेतश्चेतो राहुः क्रूरः प्राद्या-
त्तस्माद् ध्वान्ते हर्म्यस्यान्ते शय्यैकान्तें कर्तव्या॥

इति कण्ठाभरणे॥

सफला—विद्युन्माला आठ गुरु वर्णों का छन्द है। इसकी दो बार आवृत्ति करें और उसमें से प्रतिपाद में एक अक्षर घटा देने से **लीलाखेल** नामक छन्द होता है।

यमुना नदी के तीर पर गोलाई में रासलीला के प्रति अत्यन्त उत्साह के साथ क्रीडा करती हुई गोपियों के साथ स्थित देवताओं के राजा इन्द्र के समान (इन्द्र के छोटे भाई) श्रीकृष्ण आप सबकी रक्षा करें।

न स न र र

। ।। ।।S ।।।S ।SS ।S

विपिनतिलकं नसनरेफयुग्मैर्भवेत्।
विपिनतिलकं विकसितं वसन्तागमे
मधुकृतमदमधुकरैः क्वणद्भिर्वृतम्।
मलयमरुता रचितलास्यमालोकयन्
व्रजयुवतिभिर्विहरति स्म मुग्धो हरिः॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण नगणः, सगणः, नगणः, रगणः, रगणः च भवेत्, तद् **विपिनतिलकं** नाम वृत्तम्।

विपिनेति–मुग्धः प्रकृत्या सुन्दरः, हरिः श्रीकृष्णः, वसन्तागमे पुष्पसमयस्य प्रारम्भे, 'वसन्ते पुष्पसमयः सुरभिः' । इत्यमरः । विकसितं पुष्पितं, मधुकृतमद-मधुकरैः मधुना परागेण कृतः समुत्पादितः, मदः हर्षातिरेकः, येषां तादृशैः क्वणद्भिः गुञ्जद्भिः, वृतम् परिवृतं, मलयमरुता मलयजपवनेन, रचितलास्यं नृत्यं कुर्वन्, विपिनतिलक काननोत्थक्षुरकपुष्पम्, आलोकयन् दृष्टिपथमवतारयन् सन्, व्रजयुवतिभिः व्रजरमणीभिः, सह विहरति स्म विहारं करोति स्म ।

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, सगण, नगण, रगण, रगण हों, उसको **विपिनतिलक** छन्द कहते हैं ।

सकलजनमनोहर भगवान् श्रीकृष्ण वसन्त ऋतु के आरम्भ में खिले हुए पुष्प पराग का पान करने से मदमत्त हो गुन-गुनाहट करते हुए भ्रमरों से युक्त मलयगिरि के सुगन्धित पवन के स्पर्श से नाचते हुए जंगली तिलक वृक्ष के पुष्प को देखते हुए व्रजवनिताओं के साथ विहार करते थे ।

न ल र ज गल र ल ग

S I S I S I S I S I S I S

तूणकं समानिकापदद्वयं विनाऽन्तिमम् ।

सा सुवर्णकेतकं विकासि भृङ्गपूरितं
पञ्चबाणबाणजालपूर्णहेमतूणकम् ।
राधिका वितर्क्य माधवाऽद्य मासि माधवे
मोहमेति निर्भरं त्वया विना कलानिधे ! ॥

सुषमा-अन्तिमम् अन्तिमाक्षरं विना समानिकापदद्वयं, द्विरावृत्तं समानिका वृत्तं, **तूणममिति** कथ्यते । एतस्य लक्षणम् अष्टाक्षरावृत्तिप्रकरणे निर्दिष्टम् ।

सेति—कलानिधे ! चतुःषष्टिकलाविशारद !, माधव ! श्रीकृष्ण !, सा राधिका अद्य माधवे मासि वैशाखमासे, वसन्ततौ इति, विकासि विकसनशीलम्, भृङ्गपूरितं भ्रमरैः परिवृतं, सुवर्णकेतकं पीतकेतककुसुमम्, पञ्चबाणबाणजालपूर्ण-हेमतूणकम् कामदेवशरसमूहव्याप्तसुवर्णमयतूणीरं, वितर्क्य विचार्य, त्वया विना, अर्थात् त्वद्विरहवेदनार्ता सती, निर्भरं प्रकामम्, मोहं निःसंज्ञताम्, एति गच्छ-तीत्याशयः ।

सफला—द्विगुणित समानिका वृत्त के प्रत्येक चरण में से एक अक्षर घटा देने पर **तूणक** नामक छन्द होता है ।

अखिलकलाकुशल श्रीकृष्ण ! वह (तुम्हारी अत्यन्त प्रिय) राधिका आज (इस) वैशाख मास में कुसुमित, भ्रमरों से घिरे हुए पीतवर्ण के केवड़ा के फूल को कामदेव के बाणों से भरा हुआ सुवर्ण से रचित तरकस समझकर, आपके बिना मूर्च्छित हो रही है।

म र म य य
S S S S I S S S S I S S I S S
म्रौ मो यौ चेद्भवेतां सप्ताष्टकैश्चन्द्रलेखा।

विच्छेदे ते मुरारे ! पाण्डुप्रकाशा कृशाङ्गी
म्लानच्छायं दुकूलं न भ्राजते बिभ्रती सा।
राधाऽम्भोदस्य गर्भे लीना यथा चन्द्रलेखा
किञ्चार्ता त्वां स्मरन्ती धत्ते ध्रुवं जीवयोगम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु म्रौ मो यौ मगणः, रगणः, मगणः, यगणः, भवेत् तथा सप्ताष्टकैः सप्तभिः अष्टभिः च वर्णैः यतिः स्यात् तत् **चन्द्रलेखा** नाम वृत्तम्।

विच्छेदे इति—मुरारे ! हे श्रीकृष्ण !, ते तव, विच्छेदे विरहे, कृशाङ्गी क्षीणावयवा, पाण्डुप्रकाशा शुभ्रकान्तियुक्ता, सा पूर्वोक्ता, राधा गोपकन्या, म्लानच्छायं मलिनरुचं, दुकूलं कौशयं, बिभ्रती धारणं कुर्वती, अम्मोदस्य पयोदस्य, गर्भे मध्ये, लीना अन्तर्हिता, चन्द्रलेखा इव सुधांशुकलामिव, न भ्राजते न राजते, अतः विरहणी सा त्वां भवन्तं, स्मरन्ती विचिन्तयन्ती, जीवयोगं प्राणसम्बधं धारयति, ध्रुवं निश्चप्रचम्।

सफला—जिसके चारों चरणों में मगण, रगण, मगण, यगण, यगण हों उसको **चन्द्रलेखा** नामक वृत्त कहते हैं। इसमें सात और आठ अक्षरों में यति होती है।

हे श्रीकृष्ण ! आपके विरह में उस (पूर्वकथित) राधा का शरीर अत्यन्त दुर्बल है, चेहरा पीताभ हो गया है और वह मलिन वस्त्रों को धारण कर बादलों के बीच में छिपी हुई चन्द्रकला की भाँति मलिन होने के कारण शोभित नहीं हो रही है। अतः वह विरह से पीड़ित आपको याद करती हुई किसी प्रकार अपने प्राणों को धारण की हुई है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

म म म य य
S S SS S S S S S I S S I S S
चित्रा नाम च्छन्दश्चित्रं चेत्त्रयो मा यकारौ ।

गोपालीलीलालोला यद्वत् कलिन्दात्मजाऽन्ते
खेलन्मुक्ताहाराऽऽरण्यस्रग्लसन्मूर्धचित्रा ।
कंसारातेर्मूर्तिस्तद्वन्मे हृदि क्रीडतीयं
कोऽन्यः स्वर्गो मोक्षो वाऽस्माद्विद्यते तन्न जाने ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु त्रयो माः यकारौ मगणः, मगणः, मगणः, यगणः, यगणः भवेत्, तत् **चित्रा** नाम वृत्तम् ।

गोपालीति—गोपालीलीलालोला वल्लवीनां क्रीडया चपला, खेलन् मुक्ताहारा हृदये क्रीडां कुर्वन् मुक्ताहारः यस्याः सा, आरण्यस्रग्लसन्मूर्धचित्रा काननोत्पन्नपुष्पमालया शोभमानः यः मूर्धा मस्तकं तेन चित्रा विचित्रा सुन्दरेति । कंसारातेः श्रीकृष्णस्य, इयं प्रस्तुता मूर्तिः प्रतिमा, यद्वत् यथा, कलिन्दात्मजाऽन्ते यमुनातटे, क्रीडति विहरति तत् तथा, मे हृदि मम मानसे, क्रीडति, इत्याशयः । अस्मात् श्रीकृष्णस्मरणाद् अतिरिक्तं स्वर्गः मोक्षः वा न इति जाने विश्वसिमि ।

सफला—जिसके चारों चरणों में तीन मगण तथा दो यगण हों, उसको **चित्रा** नामक अलंकार कहते हैं ।

व्रज की गोपललनाओं के साथ विविध प्रकार के विलासों में तत्पर वक्षः-स्थल पर चलायमान मोतियों की मालाओं से सुशोभित, जिन्होंने वनमाला से अपने बालों को संजो रखा है, ऐसे श्रीकृष्ण की यह मूर्ति जिस प्रकार यमुना के तीर पर विहार करती है, उसी प्रकार वह मेरे (भक्त के) हृदय में विहार कर रही है । इस श्रीकृष्ण के स्मरण के अतिरिक्त भी स्वर्ग अथवा मोक्ष कुछ होता है, यह मैं नहीं जानता हूँ । अर्थात् जिसके हृदय में श्रीकृष्ण विराजमान हैं उसके लिये स्वर्ग अथवा मोक्ष उसके हाथ में ही है ।

अष्टिः (षोडशाक्षरावृत्तिः)

ग ल र ज ग ल र ज
S I S I S I S I S I S I S I S I
चित्रसंज्ञमीरितं समानिकापदद्वयन्तु ॥ १ ॥

विद्रुमारुणाधरौष्ठशोभिवेणुवाद्यहृष्ट-
वल्लवीजनाङ्गसङ्गजातमुग्धकण्टकाङ्ग ! ।
त्वा सदैव वासुदेव ! पुण्यलभ्यपाद ! देव !
वन्यपुष्पचित्रकेश ! संस्मरामि गोपवेश ! ।।

सुषमा—अष्टाक्षरावृत्तौ समानिका लक्षणमुक्तम्, तस्याः पादयुग्मकेन प्रस्तुतस्य छन्दसः एकः पादः भवति ।

विद्रुमेति—विद्रुमः प्रवालः इर अरुणः रक्तवर्णः, यः अधरोष्ठः अधरपल्लवः, तत्र शोभते राजते इति, स च असौ वेणुः मुरलिकाः तस्याः वाद्येन वादनकर्मणा, हृष्टानां सन्तुष्टान्तरङ्गानां, वल्लवीजनानां व्रजवासिनीनाम्, अङ्गसङ्गेन शरीरस्य मृदुलस्पर्शेन, जातः समुद्भूतः, मुग्धः चेतोहरः, कण्टकः रोमाञ्चः, यत्र तथा भूतम् अङ्गं, यस्य तत् सम्बोधने, पुण्येन सत्कर्मणा, लभ्यौ साक्षात्कारणीयौ, पादौ चरणौ यस्य सः, तत् सम्बुद्धौ, हे पुण्यलभ्यपाद !' वन्यपुष्पैः काननकुसुमैः, चित्राः विचित्राः, केशाः यस्य तत्सम्बुद्धौ हे वन्यपुष्पचित्रकेश !, गोपवेश ! गोपानां वेशे विराजमान !, देव ! भगवन् ! वासुदेव ! वसुदेवात्मज ! श्रीकृष्ण ! अहं ग्रन्थकर्ता, त्वां भवन्तं, सदैव नित्यं, संस्मरामि ध्याये ।

सफला—अष्टाक्षरावृत्ति में समानिका छन्द का लक्षण निर्दिष्ट है । इस छन्द की दो बार आवृत्ति करने पर प्रस्तुत चित्रसंज्ञ छन्द का लक्षण होता है ।

प्रवाल (मूंगा) के सदृश लाल वर्ण के होंठ पर सुशोभित मुरली के बजाने के प्रसन्न वज्रयुवतियों के शरीरस्पर्श से रोमाञ्चित भगवान् श्रीकृष्ण ! आपके चरण अत्यन्त पुण्यों से प्राप्त होते हैं । गोपों के वेश को धारण करने वाले भगवन् वन में उत्पन्न फूलों से आपके केश सुशोभित हो रहे हैं । मैं आपका सदा ध्यान करता हूँ ।

भ र न न न ग
S I I S I S I I I I I I I I I S

भ्रत्रिनगैः स्वरात्खमृषभगजविलसितम् ।[1]

यो हरिरुच्चखान खरतरनखशिखरै-र्दुर्जयदैत्यसिंहसुविकटहृदयतटम् ।
किन्विह चित्रमेतदखिलमपहृतवतः[2], कंसनिदेशदृप्यदृषभगजविलसितम्।।

---

१. गजतुरगविलसितमिति, शम्भौ ।

२. चित्रमेव यदखिलमपहृतवान् । पाठभेदः ।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु भ्रत्रिनगैः भगणः, रगणः, नगणः, नगणः, नगणः, गुरुः च वर्णः भवेत्, तत् **ऋषभगजविलसितम्** नाम वृत्तम्। स्वरैः सप्तभिः वर्णैः अङ्कैः नवभिः च यतिः।

यो हरिरिति—यः हरिः, खरतरैः प्रखरैः नखशिखरैः कररुहमुखैः दुर्जयस्य जेतुमशक्यस्य; दैत्यसिंहस्य, 'स्युरुत्तरपदे व्याघ्रपुङ्गवर्षभकुञ्जराः। सिंहशार्दूल-नागाद्याः पुंसि श्रेष्ठार्थगोचराः' । इत्यमरः। सुविकटम् अतिविस्तृतं, हृदयतटम् उरःस्थलम्, उच्चखान द्विधा कृतवान्, (असौ श्रीकृष्णः) अखिलं सम्पूर्णं, हृतवतः अपहरणकर्त्तुः, कंसनृपतेः एतन्नाम्नो राज्ञः, निदेशेन प्रेरणया, दृप्यतोः दर्पं कुर्वतोः, ऋषभगजयोः धृतबलीवर्दगजरूपयोः, अरिष्टकुवलयनाम्नोः राक्षस-विशेषयोः, विलसितं कर्म, यद् व्यर्थं चकार, एतत् किं चित्रम् आश्चर्यम् ? न किमपीत्याशयः।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में भगण, रगण, नगण, नगण, नगण और एक गुरु वर्ण हो, उसको **ऋषभगजविलसित** नामल छन्द कहते हैं। इसमें सात तथा नौ अक्षरों पर यति होती है।

जिस हरि (नृसिंहावतार धारण किये हुए विष्णु) ने अपने तेज नाखूनों द्वारा अजेय हिरण्यकशिपु की कठिन छाती को चीर दिया, उस श्रीकृष्ण ने यदि कंस की आज्ञा से गर्वयुक्त ऋषभ और गज का रूप धारण करने वाले अरिष्ट एवं कुवलयापीड़ नामक दैत्यो की चेष्टाओं को व्यर्थ कर दिया तो इसमें आश्चर्य ही क्या है। अर्थात् श्रीकृष्ण भगवान् विष्णु के ही अवतार हैं।

भ स म त न ग

S I I I I S S S S S S I I I I S

भात् समतनगैरष्टच्छेदे स्यादिह चकिता।

दुर्जयदनुजश्रेणीदुश्चेष्टाशतचकिता,
यद्भुजपरिघत्राता याता साध्वसविगमम्।
दीव्यति दिविषन्माला शश्वन्नन्दनविपिने,
गच्छत शरणं कृष्ण तं भीता भवरिपुतः॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु पादेषु भात् समतनगैः भगणात् परैः सगणमगणतगण-नयणगुरुभिः युक्ता **चकिता** कथिता। अत्र अष्टच्छेदैः अष्टभिः वर्णैः यतिः भवति।

दुर्जयेति—दुर्जया अजेया, या दनुजानां, दैत्यानां, श्रेणी पङ्क्तिः, तस्याः दुश्चेष्टाशतैः शताधिकैर्दुर्व्यवहारैः, चकिता आश्चर्ययुक्ता, दिविषदां देवानां, माला परम्परा, यद्भुजपरिघत्राता यस्य श्रीकृष्णस्य भुजः बाहुः एव परिघः परिघातनः, तेन त्राता रक्षिता, साध्वसस्य भीतेः विगमं नाशं, याता गता, नन्दनविपिने

देवेन्द्रस्य गृहोद्याने, दीव्यति क्रीडति, भवरिपुतः संसाररूपरिपुतः भीता कान्दिशीकतां गता यूयं तं कृष्णं, शरणम् परमाश्रयं गच्छत ।

सफला—जिसके चारों चरणों में भगण, सगण, मगण, तगण, नगण तथा गुरु वर्ण हों उसको **चकिता** नामक छन्द कहते हैं । इसमें ८-८ अक्षरों में यति होती है ।

देवताओं से बलवान् अतएव अजेय दैत्यों के विविध उत्पातों से डरे हुए देवतागण जिनकी भुजा रूपी परिघ से सुरक्षित नन्दनवन निश्चिन्त हो विहार करते हैं, भवबन्धन रूपी शत्रु से भयभीत आपलोग उसी श्रीकृष्ण की शरण में जाइये ।

ज लग ज र लग
ISISISISISISIS

प्रमाणिकापदद्वयं वदन्ति पञ्चचामरम् ।
सुरद्रुमूलमण्डपे विचित्ररत्ननिर्मिते
लसद्वितानभूषिते सलीलविभ्रमालसम् ।
सुराङ्गनाभवल्लवीकरप्रपञ्चचामर-
स्फुरत्समीरवीजितं सदाऽच्युतं भजामि तम ॥

सुषमा—अष्टाक्षरावृत्तिप्रसङ्गे प्रमाणिकालक्षणमुक्तम् । द्विगुणितं तद् वृत्तं **पञ्चचामरं** नाम भवेत् ।

सुरद्रुमूलेति—विचित्रैः अनेकप्रकारकैः, रत्नैः मणिभिः, निर्मिते रचिते, लसद्वितानभूषिते शोभमानोल्लोचनालङ्कृते, सुरद्रुमूलमण्डपे कल्पवृक्षस्याधःस्थिते मण्डपे, सलीलविभ्रमालसं सलीलः सहेलः यः विभ्रमः विलासः तेन अलसं परिश्रान्तं, सुराङ्गनाभवल्लवीकरप्रपञ्चचामरस्फुरत्समीरवीजितं सुराङ्गनानां देववनितानां, तद् वद् आभा यासां ताः इत्थम्भूताः याः तासां वल्लवीनां गोपसुन्दरीणां, करेषु हस्तेषु प्रपञ्चा विस्तारं प्राप्ताः ये चामराः पुच्छविशेषाः, तेभ्यः स्फुरता वीजयता, समीरेण पवनेन, वीजितं सञ्चालितं, तं वेदैकवेद्यम् वेदेषु अन्यतमं ज्ञेयम्, अच्युतं श्रीकृष्णरूपेण वर्तमानं हरिं, सदा सर्वदा भजामि स्मरामि, इत्याशयः । श्रीमच्छङ्कराचार्यविरचितं 'शिवताण्डवस्तोत्रम्' पञ्चचामरच्छन्दसि एव प्रोतं विद्यते ।

सफला—अष्टाक्षरावृत्ति के प्रसंग में **प्रमाणिका** छन्द का लक्षण लिखा गया है । उसी को दूना करने पर **पञ्चचामर** छन्द होता है ।

विविध प्रकार के रत्नों से जड़ित चंदवा से अलंकृत, कल्पवृक्ष के नीचे निर्मित मण्डप में वर्तमान अनेक प्रकार की लीलाओं से थके हुए, देववनिताओं के समान सुन्दर आकृतिवाली गोपियों के हाथों में स्थित बड़े-बड़े चामरों की वायु से वीजित श्रीकृष्ण के रूप में स्थित विष्णु भगवान् का मैं ध्यान करता हूँ।

म भ न म न ग
S S S S I I I I I S S S I I I S
म्भौ नो म्नौ गो मदनललिता वेदैः षड्ऋतुभिः।

विभ्रष्टस्रग्गलितचिकुरा धौताधरपुटा
ग्लायत्पत्रावलिकुचतटोच्छ्वासोर्मितरला।
राधाऽत्यर्थं मदनललिताऽऽन्दोलालसवपुः
कंसाराते रतिरसमहो ! चक्रेऽति चटुलम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु म्भौ नौ म्नौ गौ मगणः, भगणः, नगणः, मगणः, नगणः, गुरुः च वर्णो भवेत्, तत् **मदनललिता** नाम वृत्तम्। अत्र वेदैः चतुर्भिः षड्ऋतुभिः षड्भिः षड्भिः च वर्णैः यति, भवति।

विभ्रष्टेति—विभ्रष्टस्रग्गलितचिकुरा विभ्रष्टा निपतिता, स्रक् माला यस्याः सा, गलिताः, व्यस्ततां गताः चिकुराः कचाः यस्याः सा, धौताधरपुटा निर्मृष्टरागाऽधरा, ग्लायत्पत्रावलिकुचतटोच्छ्वासोर्मितरला ग्लायन्ती मलिनतां यान्ती या पत्रावलिः पत्ररचना, यत्र तादृशं कुचतटं स्तनाग्रभागं यस्याः सा, उच्छ्वासा श्रमजनितप्रवृद्धश्वासा, ऊर्मयः तरङ्गाः इव, तैः तरला चपला, मदनललिताऽऽन्दोलालसवपुः मदनललितेन कामक्रीडाजनितेन विलासेन, यः आन्दोलः चपलता, तेन अलसं शिथिलीकृतं, वपुः गात्रं यस्याः सा, तादृशी राधा, कंसारातेः श्रीकृष्णस्य, अतिचटुलम् अतिचपलम्, अत्यर्थम् अत्यधिकं, रतिरसं कामजनितं प्रेम, चक्रे चकार, अहो इत्याश्चर्यम्।

सफला—जिसके चारों चरणों के मगण, भगण, नगण, मगण, नगण, गुरु वर्ण हों, उसको **मदनललिता** नामक छन्द कहते हैं। इसमें चार और छः छः वर्णों पर यति होती है।

राधा के रूप-सौन्दर्य का वर्णन कवि निम्न प्रकार से कर रहा है—पहली बार सम्भोग के कारण राधा की माला गिर चुकी थी, केश बिखर गये थे, अधरों की लालिमा चुम्बन के कारण दूर हो गयी थी, स्तनों पर की गयी

पत्ररचना मिट गयी थी, लहरों के समान लम्बी सांसों ने उसको चंचल बना दिया था और रतिजनित परिश्रम से वह अलसायी थी, फिर भी श्रीकृष्ण उसको देखकर सम्भोग के लिये उत्सुक हो गये, यह महान् आश्चर्य है।

न ज भ ज र ग
।।।।ऽ।ऽ।।। ऽ।ऽ।ऽऽ
नजभजरैर्यदा भवति वाणिनी गयुक्तैः !

स्फुरतु ममाननेऽद्य ननु वाणि ! नीतिरम्यं
तव चरणप्रसादपरिपाकतः कवित्वम् ।
भवजलराशिपारकरणक्षमं मुकुन्दं
सततमहं स्तवैः स्वरचितैः स्तवानि नित्यम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नजभजरैः गयुक्तैः नगणः, जगणः, भगणः, जगणः, रगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **वाणिनी** नाम वृत्तम्।

स्फुरत्विति—वाणि ! सरस्वति ! तव भवत्याः, चरणप्रसादपरिपाकतः पादसेवनफलपरिणामतः, नीतिरम्यं नयमनोहरं, कवित्वं कवेः भावः, तत्, मम आनने मदीयमुखे, अद्य स्फुरतु प्रकटयतु, येन अहं स्वरचितैः स्वकीयाभिरनुपम-रचनाभिः, सनातनं, स्तवैः स्तुतिभिः, भवजलराशिपारकरणक्षमं संसाराब्धि-तरणे सक्षमं नित्यं मुकुन्दं श्रीकृष्णं, सततं निरन्तरं, स्तवानि स्तुतिं करवाणि।

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, जगण, भगण, जगण, रगण और गुरु वर्ण हो, उसको **वाणिनी** नामक छन्द कहते हैं।

हे सरस्वती ! आपकी चरण-सेवा के परिणाम स्वरूप नीतियुक्त (धर्मशास्त्र-सम्मत) कविता करने की सामर्थ्य मेरे मुख में आज उत्पन्न हो जाय, जिससे मैं संसार-समुद्र से पार करने की क्षमता रखने वाले सनातन श्रीकृष्ण (विष्णु भगवान्) की निरन्तर स्तुति कर सकूँ।

विशेष—उपर्युक्त पद्य में ग्रन्थकर्ता ने सरस्वती से कवित्वशक्ति-लाभ की प्रार्थना की है। जैसा कि ग्रन्थारम्भ में इन्होंने प्रतिज्ञा की है, 'इयमच्युत-लीलाढ्या', अर्थात् यह छन्दोमञ्जरी श्रीकृष्ण लीलाओं से परिपूर्ण है। इस दृष्टि से उक्त पद्य ग्रन्थकार की ग्रन्थारम्भ में की हुई प्रतिज्ञा से कुछ दूर हटकर लिखा गया सिद्ध होता है।

य म न स र ग

। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ

यमौ नस्रौ गश्च प्रवरललितं नाम वृत्तम् ।

भुजोत्क्षेपः शून्ये चलवलयझङ्कारयुक्तो
मुधा पादन्यासः प्रकटिततुलाकोटिनादः ।
स्मितं वक्त्रेऽकस्माद् दृशि पटुकटाक्षोर्मिलीला
हरौ जीयादीदृक् प्रवरललितं वल्लवीनाम् ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु यमौ नस्रौ गश्च यगणः, मगणः, नगणः, सगणः, रगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **प्रवरललितं** नाम वृत्तम् ।

भुजोत्क्षेप इति— शून्ये नभसि, चलवलयझङ्कारयुक्तः चञ्चलकङ्कणध्वनिसमन्वितः, भुजोत्क्षेपः बाहुसारः, प्रकटिततुलाकोटिनादः विदितनूपुरनिनदः, 'पादाङ्गुदं तुलाकोटिर्मञ्जीरो नूपुरोऽस्त्रियाम्' । इत्यमरः । मुधा व्यर्थं, पादन्यासः चरणविन्यासः, अकस्मात् सहसा, वक्त्रे वदने, स्मितं मन्दहास्यं, दृशि नेत्रे, पटुकटाक्षोर्मिलीला चतुरापाङ्गदर्शनपरम्पराविलासः, हरौ श्रीकृष्णे, वल्लवीनां गोपाङ्गनानाम्, ईदृक् प्रवरललितं प्रकृष्टविभ्रमः, जीयात् सर्वोत्कर्षेण बर्तते, इति भावः अत्र जीयादिति क्रियया नमस्कार आक्षिप्यते ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, रगण और एक गुरु वर्ण हो, उसको **प्रवरललित** नामक छन्द कहते हैं ।

गोपाङ्गनायें अपने हाव-भावों से श्रीकृष्ण को आकृष्ट करना चाह रही हैं—हाथों को ऊपर उठाकर अपने कङ्कणों की झनकार, नूपुरों की ध्वनि को प्रकट करने के लिये अकारण पैरों को पटकना, मन्द मुसकान और कुशलता से युक्त कटाक्ष प्रदर्शन के द्वारा प्रकट किया गया हरि के प्रति गोपियों का विलास विजयी हो, सबके लिये सुखद हो ।

ल

। । । । । । । । । । । । । । । । । ।

द्विगुणितवसुलघुभिरचलधृतिरिह ।

तरणिदुहितृतटरुचिरतरवसतिरमरमुनिमुखजनविहितनुतिरिह ।
मुररिपुरभिनवजलधररुचितनुरचलधृतिरुदयति सुकृतिहृदि खलु ।।

सुषमा—यस्य वर्णसङ्ख्या द्विगुणितवसुभिः षोडशभिरित्यर्थं सा च लघुभिः वर्णैः इह छन्दःशास्त्रे स्यात् तत् **अचलधृति**रिति वृत्तम् ।

तरणीति—इह अत्र जगति, तरणेः भानोः, दुहितुः पुत्र्याः यमुनायाः, तटे तीरभूमौ, रुचिरतरा मनोज्ञा, वसतिः वासः यस्य सः, अमरमुनिषु सुरर्षिषु, मुखजनैः श्रेष्ठैः, नारदप्रभृतिभिः, विहिता कृता, नुतिः स्तवैः, यस्य तथोक्तः, अभिनवः प्रत्यग्रः, वर्षणशीलः, यः मेघः, तस्य रुचिः छविः यस्याः तादृशी तनुः देहः यस्य तथाभूतः, अचला सुस्थिरा, धृतिः धैर्यं यस्य सः एतादृशः मुररिपुः मुरारिः श्रीकृष्णः सुकृतिनां पुण्यवतां, हृदि मनसि, उदयति प्रकाशितः भवति, खलु ध्रुवमिति ।

सफला—जिस पद्य की वर्ण संख्या ८+८=१६ लघु वर्ण हो, उसको **असलधृति** नामक छन्द कहते हैं ।

सूर्य की कन्या यमुना के तीर पर जिसका स्थायी निवास-स्थान है, देवर्षि नारद आदि जिसकी स्तुति करते हैं, नवीन बादलों के सदृश (श्याम) जिसकी शरीर की कान्ति दिखलायी देती है, हिमालय के समान जो धैर्यवान है, वह भगवान् श्रीकृष्ण सुकृती जनों के हृदय में ज्ञान का प्रकाश करता है ।

न ज भ ज त ग

। । । । S । S । । । S । S S । S

गरुडरुतं नजौ भजतगा यदा स्युस्तदा ।
अमरमयूरमानसमुदे पयोदध्वनि-
र्गरुडरुतं सुरारिभुजगेन्द्रसन्त्रासने ।
धरणिभरावतारविधिडिण्डिमाडम्बरः
स जयति कंसरङ्गमुनि सिंहनादो हरेः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नजौ भजतगाः नगणः, जगणः, भगणः, जगणः, तगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **गरुडरुतं** नाम वृत्तम् ॥

अमरमयूरेति—अमरमयूरमानसमुदे अमराः सुराः एव मयूराः बर्हिणः, तेषां मानसस्य चेतसः, मुदे प्रसन्नतायै, पयोदध्वनिः मेघशब्दः, सुरारिभुजगेन्द्रसन्त्रासने सुराणाम् अमराणाम्, अरयः रिपवः, एव भुजगेन्द्राः फणयः, तेषां सन्त्रासने भयभीतकरणाय, गरुडरुतं तार्क्ष्यशब्दः, धरणिभरावतारविधिडिण्डिमाडम्बरः धरणेः भूमेः भारावतारविधौ भरदूरीकरणसम्बन्धे, डिण्डिमस्य वाद्यान्यतमस्य, आडम्बरः

शब्दः, हरेः श्रीकृष्णस्य, कंसरङ्गभुवि कंसयुद्धभूमौ, सः भगवत्कृतः, सिंहनादः गर्जनम्, जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते। अत्र पद्ये रूपकालङ्कारः।*

सफला—जिसके चारों चरणों में नगण, जगण, भगण, जगण, तगण और गुरु वर्ण हो, उसको **गरुडरुत** नामक वृत्त कहते हैं।

देवता रूपी मोरों के चित्त को प्रसन्न करने के लिये बादल-गर्जन, देवताओं के शत्रु (दैत्य) रूपी साँपों को डराने के लिए गरुड़ का शब्द, भूमि के गुरुतर भार को दूर करने का सूचक डिण्डिमघोष तथा श्रीकृष्ण की सिंह-गर्जना कंस के रणक्षेत्र में विजय प्राप्त करती हैं।

अत्यष्टिः (सप्तदशाक्षरा वृत्तिः)।

य म न स भ ल ग

ISSS SS III IIS S III S

रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी ॥ १ ॥

करादस्य भ्रष्टे ननु शिखरिणी दृश्यति शिशो-
विलीनाः स्मः सत्यं नियतमवधेयं तदखिलैः।

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

भ र न र न ग

SIIS ISIIISI S III S

सङ्कथिता भरो नरनगाश्च **धीरललिता** ॥ १ ॥

भ भ भ भ भ ग

SII SII SII SII SII S

पञ्चभकारयुताऽश्वगतिर्यदि चान्त्यगुरुः ॥ २ ॥

न ज र भ भ ग

IIISISI SS I ISII S

नजरभभेण गेन च स्यान्**मणिकल्पलता** ॥ ३ ॥

ग

SS SS SSSS SSS SSS SS

यस्मिन् सर्वे गा राजस्ते **ब्रह्माद्यं तद्रूपं** नाम ॥ ४ ॥

भ र य न न ग

SIIS IS I IS IIIIIIS

भो रयना नगौ च यस्यां **वरयुवति**रियम् ॥ ५ ॥

इति त्रस्यद्गोपाऽनुचितनिभृतालापजनितं
स्मितं बिभ्रद्देवो जगदवतु गोवर्धनधरः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु यमनसभलागः यगणः, मगणः, नगणः, सगणः, भगणः, लघुः तथा गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **शिखरिणी** नाम वृत्तम् । अस्मिन् रसैरुद्रैश्छिन्ना षड्भिः एकादशभिः च वर्णैः यतिः भवति ।

करादस्येति—ननु निश्चये, ईदृशि एवं प्रकारके, शिखरिणि गोवर्धनगिरौ, अतिशिशोः सप्तहायनात्मकस्य बालकस्य, अमुष्य श्रीकृष्णस्य, करात् हस्तात्, भ्रष्टे च्युते सति, सत्यं नूनम् एव, विलीनाः स्मः विनाशं गमिष्यामः-तत् तस्मात् कारणात्, अखिलैः समस्तैः अस्माभिः व्रजवासिभिः, नियतं निश्चयम्, अवधेयं ध्यानं दातव्यम्, इति इत्थं, त्रस्यतां भयभीतानां गोपानाम्, अनुचितेन असाम्प्रतिकेन, निभृतेन सुगुप्तेन, आलापेन वार्तया, जनितं समुपस्थितं, स्मितं मन्दहास्यं, विभ्रत् धारयन्, गोवर्धनधरः गोवर्धनपर्वतधारकः, देवः श्रीकृष्णः, जगत् समस्तं त्रैलोक्यम्, अवतु पात्वित्यर्थः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, लघु और गुरु वर्ण हों, उसको **शिखरिणी** नामक छन्द कहते हैं । इसमें ६ और ११ वर्णों पर यति होती है ।

श्रीकृष्ण की अलौकिक शक्ति से अपरिचित गोप इस प्रकार कह रहे हैं—ऐसा महान् गोवर्धन पर्वत सात वर्ष के बालक श्रीकृष्ण के हाथ से यदि गिर जायगा तो सचमुच हम सबका विनाश हो जायगा, यह हम सब व्रजवासियों को समझ लेना चाहिये । डरते हुए गोपों की इस प्रकार की गुप-चुप बातों से उत्पन्न मन्दहास्य वाले गोवर्धनधारक भगवान् श्रीकृष्ण सम्पूर्ण त्रैलोक्य की रक्षा करें ।

सप्तदशाक्षरावृत्तेः-अष्टौ भेदाः—

ज स ज स य ल ग
। ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽऽ । ऽ

जसौ जसयला वसुग्रहयतिश्च पृथ्वी गुरुः ।

दुरन्तदनुजेश्वरप्रकरदुःस्थपृथ्वीभरं
जहार निजलीलया यदुकुलेऽवतीर्याशु यः ।

स एष जगतां गतिर्दुरितभारमस्मादृशां
हरिष्यति हरिः स्तुतिस्मरणचाटुभिस्तोषितः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु जसौ जसयलाः जगणः, सगणः, जगणः, सगणः, यगणः, लघुः तथा गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **पृथ्वी** नाम वृत्तम् । अस्मिन् वसुग्रहयतिः च अष्टाभिः नवभिः च वर्णैः यतिः भवति ।

दुरन्तेति—यः हरिः श्रीकृष्णः, यदुकुले यदूनां वंशे, अवतीर्य आविर्भूय, निजलीलया स्वमायया, दुरन्तानां जेतुमशक्यानां, दनुजेश्वराणां कंसप्रमुखानां, प्रकरेण सङ्घातेन, दुःस्थः स्थातुमसमर्थः, पृथ्वीभरः भूभारः तम्, आशु त्वरितं, जहार अपहृतवान्, जगतां गतिः समस्तजगदाधारः, सः सर्वव्याप्तः, एषः हरिः भगवान्, स्तुत्या स्तवनेन, स्मरणेन चिन्तनेन, चाटुभिः मधुरालापैः, तोषितः प्रसन्नीकृतः, अस्मादृशां मद्विधानां, पापिनां पापकर्मकर्तॄणां, दुरितभारं पापसमूहं, हरिष्यति विनाशयिष्यति ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण, सगण, जगण, सगण, यगण, लघु तथा गुरु वर्ण हो, उसको **पृथ्वी** छन्द कहते हैं । इसमें ८+९ वर्णों पर यति होती है ।

जिस हरि ने यदुकुल में अवतार लेकर अपनी लीला से अत्यन्त बलशाली कंस आदि दैत्यों के समूह से पृथ्वी के भार को अतिशीघ्र दूर किया, वह तीनों लोकों का आधार भगवान् श्रीकृष्ण अनेक प्रकार की स्तुतियों, स्मरण आदि से प्रसन्न किया गया हमारे जैसे पापियों के पापसमूह का विनाश करेगा ।

भ र न भ न ल ग
S I I S I S I I I S I I I I I I S

दिङ्मुनि वंशपत्रपतितं[1] भरनभनलगैः ।
नूतनवंशपत्रपतितं रजनिजललवं
पश्य मुकुन्द ! मौक्तिकमिवोत्तममरकतगम् ।
एष च तं चकोरनिकरः प्रपिबति मुदितो
वान्तमवेत्य चन्द्रकिरणैरमृतकणमिव ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु भरनभनलगैः भगणः, रगणः, नगणः, भगणः,

---

१. वंशपत्रपतिता, इति केचित् ।

नगणः, लघुः तथा गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **वंशपत्रपतितं** नाम वृत्तम् । अस्मिन् दिङ्मुनिभिः दशभिः सप्तभिः च वर्णैः यतिः भवति ।

नूतनेति—हे मुकुन्द ! श्रीकृष्ण !, नूतनं नूत्नं, यद् वंशपत्रं त्वक्सारदलं, तत्र पतितं स्थितं, रजनिजललवं नीहारकणम्, उत्तममरकतगं श्रेष्ठगारुत्मतमणि-रचितपात्रस्थं, मौक्तिकम् इव, पश्य अवलोकय । एष च चकोरनिकरः, चकोर-समूहः, चन्द्रकिरणैः शशिमयूखैः वान्तं निःस्यन्दितम्, अमृतकणं पीयूषबिन्दुम्, अवेत्य विज्ञाय, मुदितः प्रसन्नः सन्, प्रपिबति अतिशयेन आचामति । पद्येऽस्मिन् पूर्वार्धे उत्प्रेक्षालङ्कारः—उत्तरार्धे च भ्रान्तिमान् । प्रत्युदाहरणम्—

सम्प्रति लब्धजन्म शनकैः कथमपि लघुनि
क्षीणपयस्युपेयुषि भिदां जलधरपटले ।
खण्डितविग्रहं बलभिदो धनुरिह विविधाः
पूरयितुं भवन्ति विभवः शिखरमणिरुचः ॥

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः भगण, रगण, नगण, भगण, नगण, लघु तथा गुरु वर्ण हो, उसको **वंशपत्रपतित** नामक छन्द कहते हैं । इसमें १०+७ वर्णों पर यति होती है ।

हे मुकुन्द (कृष्ण) ! यह बांस के नूतन पत्र पर पड़े हुए ओस के कण इस प्रकार शोभित हो रहे हैं, मानो मरकत (पन्ना) मणि के पात्र में मोती रक्खें हों । यह चकोरपक्षियों का समूह चन्द्रमा की किरणों से निकली हुई अमृत की बूंदें समझकर प्रसन्नता के साथ इसको पी रहा है । इस पद्य के पूर्वार्ध में उत्प्रेक्षा और उत्तरार्ध में भ्रान्तिमान् अलंकार है ।

म भ न त त ग ग
S S S S । । । । । S S । S S । S S
मन्दाक्रान्ताऽम्बुधिरसनगैर्मो भनौ तौ गयुग्मम् ।

प्रेमालापैः प्रियवितरणैः प्रीणितालिङ्गनाद्यै-
र्मन्दाक्रान्ता तदनु नियतं वश्यतामेति बाला ।
एवं शिक्षावचनसुधया राधिकायाः सखीनां
प्रीतः पायात् स्मितसुवदनो देवकीनन्दनो नः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, भगणः, नगणः, तगणः, तगणः,

गुरुः तथा गुरुः वर्णः भवेत्, तत् **मन्दाक्रान्ता** नाम वृत्तम् । अस्मिन् चतुर्भिः, षड्भिः सप्तभिश्च वर्णैः यतिः भवति ।

प्रेमालापैरिति—प्रेमालापैः स्निग्धवाग्व्यवहारैः स्वेष्टपदार्थप्रदानैः, आलिङ्गनाद्यैश्च संरम्भणैश्च, प्रीणिता तोषं गमिता, तदनु तत्पश्चात्, मन्दं शनैः, आक्रान्ता आवृता, बाला युवती, नियतं नूनं, वश्यताम् एति वशीभूता भवति, एवम् अनेन प्रकारेण, राधिकायाः सखीनां राधिकया सहचारिणीनां, शिक्षावचन-सुधया उपदेशवागमृतैः प्रीतः मुदितः, अतएव स्मितेन, सुवदनः सुन्दरमुखः, देवकीनन्दनः श्रीकृष्णः, नः अस्मान्, पायात् रक्षां कुर्यात् ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में मगण, भगण, नगण, तगण, नगण, गुरु और गुरुवर्ण हों, उसको **मन्दाक्रान्ता** छन्द कहते हैं । इसमें चार छः सात वर्णों पर यति होती है ।

मधुर वार्तालापों से, इच्छित वस्तुओं के वितरण से तथा आलिङ्गन-चुम्बन आदि से सन्तुष्ट की गयी नवयौवना नायिका निश्चित रूप से वश में हो जाती हैं । राधा की सखियों के उपर्युक्त उपदेश-वाक्यों से प्रसन्नमुख देवकी के पुत्र श्रीकृष्ण हमारी रक्षा करें ।

न स म र स ल ग

। । । । । S S S S S । S । । S । S

नसमरसला गः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता ।

व्यधित स विधिर्नेत्रं नीत्वा ध्रुवं हरिणीगणाद्
व्रजमृगदृशां सन्दोहस्योल्लसन्नयनश्रियम् ।
यदयमनिशं दूर्वाश्यामे मुरारिकलेवरे
व्यकिरदधिकं बद्धाकाङ्क्षे विलोलविलोचनम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नगणः, सगणः, मगणः, रगणः, सगणः, लघुः गुरुः च वर्णः भवेत् तद् **हरिणी** नाम वृत्तम्, अस्मिन् षड्भिः, चतुर्भिः, सप्तभिः च अक्षरैः यतिः भवति ।

व्यधितेति—सः निर्माणपटुः सृष्टिरचनाकुशलेत्याशयः, विधिः ब्रह्मा, हरिणी-गणात् हरिणीति वन्यमृगी, तस्या समूहात्, नेत्रं दृष्टिं, नीत्वा गृहीत्वा, व्रजमृग-दृशां गोपाङ्गनानां, सन्दोहस्य निकरस्य उल्लसन्तीं शोभासनाथां, नयनश्रियं दृष्टि-प्रभां, व्यधित रचितवान्, इति ध्रुवं नूनम्, यद् यस्मात् कारणात्, अयं व्रजाङ्ग-

नानां समूहः, दूर्वाश्यामे दूर्वाभरूपे, बद्धा सम्बद्धा, आकाङ्क्षा दर्शनाभिलाषः, मुरारिकलेवरे श्रीकृष्णस्य देहे, विलोलं चपलं, विलोचनं चक्षुः, अनिशं प्रतिदिनम्, अधिकं सातिशयं यथा तथा, व्यकिरत् चिक्षेप, यथा हरिण्यः दूर्वाम् आत्मसात् कर्तुम् अभिलषन्ति, तथैव व्रजवल्लभाः दूर्वाभं श्रीकृष्णम् सस्पृहं वीक्ष्य आत्मसात् कर्तुं वाञ्छन्ति । पद्येस्मिन् स्वभावोक्त्यलङ्कारः ।

सफला–जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, सगण, मगण, रगण, सगण, लघु और गुरु वर्ण हों, उसको **हरिणी** नामक वृत्त कहते हैं । इसमें छः चार और सात वर्णों पर यति होती है ।

सृष्टि-रचना चतुर विधाता ने हरिणियों की नेत्र-शोभा को लेकर व्रज-वनिताओं की नेत्र-रचना की है, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं । इसी कारण ये व्रजवनितायें दूर्वादलश्यामल मनमोहक श्रीकृष्ण के शरीर की ओर साभिलाष-दृष्टि से देखती रहती हैं ।

न ज भ ज ज ल ग

। । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । । ऽ

यदि भवतौ नजौ भजजला गुरु नर्दटकम् ।
व्रजवनितावसन्तलतिकाविलसन्मधुपं
मधुमथनं प्रणम्रजनवाञ्छितकल्पतरुम् ।
विभुमभिनौति कोऽपि सुकृती मुदितेन
हृदा रुचिरपदावलीघटितनर्दटकेन कविः ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण नगणः, जगणः, भगणः, जगणः जगणः, लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत्, तत् **नर्दटकम्** नाम वृत्तम् ।

व्रजवनितेति–व्रजवनिता व्रजस्त्रियः, एव वसन्तलतिका कुसुमसमयजवल्लर्यः तासु विलसन्तं, विलासं कुर्वन्तं, मधुपं भृङ्गाऽऽकृतिं, प्रणम्रजनानां भक्तसमूहानां, वाञ्छितस्य अभीप्सितस्य, वस्तुनः पदार्थस्य, वितरणे कल्पतरुं कल्पवल्लीलतां, विभुं व्यापकम् ईश्वरम्, मधुदैत्यविनाशकं, श्रीकृष्णं, कोऽपि सुकृती कश्चन पुण्यात्मा, कविः कवनशीलः, मुदितेन प्रसादयुक्तेन, हृदा मानसेन, रुचिराभिः रुच्याभिः; पदावलीभिः शब्दसन्तानैः, घटितेन क्लृप्तेन, नर्दटकेन एतन्नाम्ना छन्दसा अभि-नौति प्रणमति इति ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में नगण, जगण, भगण, जगण, जगण, लघु और गुरुवर्ण हों, उसको **नर्दटक** नामक वृत्त कहते हैं ।

व्रजवनिता रूपी वासन्ती लताओं में विहार करने वाले, भ्रमररूपी भक्तों की अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाले मधुदैत्य के विनाशक (मधुसूदन) भगवान् श्रीकृष्ण का स्तवन कोई (विरला) पुण्यात्मा कवि प्रसन्नचित्त होकर मन-मोहक सरस पदावली से रचित नर्दटक छन्द द्वारा करता है। अर्थात् उनका प्रणमन करता है।

हयऋतुसागरैर्यतियुतं यदि कोकिलम् ।
लसदरुणेक्षणं मधुरभाषणमोदकरं
मधुसमयागमे सरसकेलिभिरुल्लसितम् ।
अलिललितद्युति विसुतावनकोकिलकं
ननु कलयामि तं सखि ! सदा हृदि नन्दसुतम् ॥

सुषमा—यदि नर्दटकं नाम वृत्तं हयऋतुसागरैः सप्त-षड्चतुर्भिः वर्णैः यति-युतं विरामयुतं भवेत्, तर्हि तत् **कोकिलकं** नाम वृत्तम् ।

लसदिति—ननु सखि ! हे सखि ! लसती शोभायुक्ते, अरुणे रक्ताभे ईक्षणे नेत्रे, यस्य सः तम्, मधुरेण चित्ताकर्षकेण, भाषणेन संलापेन, मोदकरं हर्षप्रदम्, मधुसमयागमे प्रारब्धवसन्तकाले, सरसकेलिभिः, रम्यखेलाभिः, उल्लसितम् प्रमुदितम्, अलिललितद्युति भ्रमराभश्यामलकान्तियुक्तं, रविसुतावनकोकिलकं यमुनातीरोद्यानस्थकोकिलाकारं तं नन्दसुतं श्रीकृष्णं सदा सर्वदा, हृदि मनसि, कलयामि ध्याये ।

सफला–यदि नर्दटक नामक छन्द से ७, ६, ४ वर्णों पर यति हो तो उसी को **कोकिलक** नामक छन्द कहते हैं। यहाँ यतिभेद से छन्द का नाम भेद हुआ है।

हे सखि ! शोभायुक्त लाल कनीनिका युक्त नेत्रों वाले अपने प्रिय वचनों से सबके चित्तों को आकर्षित करने वाले, वसन्त ऋतु के आरम्भ में ललितकेलियों से आनन्दित करने वाले, भ्रमर के सदृश साँवले और यमुनातटस्थित उद्यान के कोकिल नन्दनन्दन श्रीकृष्ण का मैं सदा हृदय में ध्यान करती हूँ ।

म भ न म य ल ग
S S S S I I I I I S S S S I S S I S
वेदर्त्वश्वैर्मभनमयला गतश्चेत्तदा हारिणी ।
यस्या नित्यं श्रुतिकुवलये श्रीशालिनी लोचने
रागः स्वीयोऽधरकिसलये लाक्षारसाञ्जनम् ।

गौरी कान्तिः प्रकृतिरुचिरा रम्याङ्गरागच्छटा
सा कंसारेरजनि न कथं राधा मनोहारिणी ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, भगणः, नगणः, मगणः, यगणः, लघुः गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **हारिणी** नाम वृत्तम्, अस्मिन् वेदैः चतुर्भिः ऋतुभिः षड्भिः, अश्वैः सप्तभिः च वर्णैः यतिः भवति ।

यस्या इति—यस्याः राधिकायाः, श्रिया कान्त्या, शालिनी शोभमाने, लोचने नेत्रे, एव श्रुतिकुवलये कर्णकमलकन्त्रे, अधरकिसलये अधरोष्ठपल्लवे, स्वीयः आत्मीयः, रागः लालिमा एव, लाक्षारसाञ्जनम् लाक्षारसेन अलक्तकद्रवेण, आरञ्जनम् रागकरम् प्रकृतिरुचिरा निसर्गमनोहरा, कान्तिः शोभाः एव, रम्याङ्ग-रागच्छटा रुचिरशरीरशोभाकारकद्रव्यसेकजनितद्युतिः, एतादृशी राधा, कंसारेः श्रीकृष्णस्य, मनोहारिणी चित्ताकर्षिका, कथं न अजनि इति काक्वा समाधीयते यत् मनोहारिणी अभूदित्येव ।

सफला—जिसके चारों चरणों में मगण, भगण, नगण, मगण, यगण, लघु तथा गुरु वर्ण हों, उसको **हारिणी** नामक छन्द कहते हैं । इसमें चार छः सात वर्णों पर यति होती है ।

जिस राधा की शोभा से अलंकृत नेत्र ही उसके कनफूल हैं, अधर किसलय पर स्वभाव से होनेवाली लालिमा ही लाक्षारस (होठों की लाली) है, स्वाभाविक ढंग से गौर वर्ण का नयनाभिराम शरीर-सौन्दर्य ही जिसका अंगराग (सौन्दर्यवर्धक अनुलेपन) है, इस प्रकार जन्मजात शोभातिशय से युक्त राधा श्रीकृष्ण के मन को अपनी ओर आकृष्ट क्यों नहीं करती, अर्थात् अवश्य करती है ।

म भ न र स ल ग
S S S S I I I I I S I S I I S I S

भाराक्रान्ता मभतरसला गुरुः श्रुतिषड्हयैः !

भाराक्रान्ता मम तनुरियं गिरीन्द्रविधारणात्
कम्पं धत्ते श्रमजलकणं तथा परिमुञ्चति ।
इत्यावृण्वञ्जयति जलदस्वनाकुलवल्लवी-
संश्लेषोत्थं स्मरविलसितं विलोक्य गुरुं हरिः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, भगणः, नगणः, रगणः, सगणः,

लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत्, तद् **भाराक्रान्ता** नाम वृत्तम् । अस्मिन् श्रुतिभिः चतुर्भिः, षड्भिः, हयैः सप्तभिः च यतिः भवति ।

भारेति—हरिः भगवान् श्रीकृष्णः, गुरुं पूज्यजनं, विलोक्य निरीक्ष्य, गिरीन्द्र-विधारणात् गिरीन्द्रस्य गोवर्धनपर्वतस्य, विधारणात्, उच्छ्रयणात्, भाराक्रान्ता भारपीडिता, इयं पुरोदृश्यमानं, मम मदीयं, तनुः देहः, कम्पं वेपथुं, धत्ते धारयति, एवञ्च श्रमजलकणं परिश्रमोत्थस्वेदलवं, परिमुञ्चति त्यजति, इति, अनेन विधिना, जलदस्वनेन मेघारावेण, आकुलानां त्रस्तानां, वल्लवीनां गोपपत्नीनां, संश्लेषेण उपगूहनेन, उत्थम् उद्भूतं, स्मरविलसितं कामविकृतिम्, आवृण्वन् आवृतीकुर्वन्, जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते ।*

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः भगण, नगण, रगण, सगण, लघु और गुरु वर्ण हों, उसको **भाराक्रान्ता** नामक छन्द कहते हैं । इसमें चार, छः, सात अक्षरों पर यति होती है ।

मेघ की गर्जना से भयभीत गोपियों ने श्रीकृष्ण का (अपनी रक्षा के लिये) आलिङ्गन किया, इससे उत्पन्न (अपने) काम विचार को वे गुरुजनों (माता-पिता आदि) के सामने इस प्रकार छिपा रहे हैं कि गुरुतर पर्वत को धारण करने के भार से मेरा शरीर दबा हुआ है अत एव काँप रहा है और पसीना निकल रहा है, ऐसे श्रीकृष्ण विजय को प्राप्त हों ।

(धृतिः अष्टादशाक्षरा वृत्तिः)

म त न य य य

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

स्याद् भूतर्वश्वैः कुसुमितलतावेल्लिता म्तौ नयौ यौ ॥ १८ ॥

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

न न म र स ल ग

। । । । । । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ

रसयुगहययुङ नौ म्रौ सो लगौ हि यदा **हरिः** ॥ १ ॥

य भ न र स ल ग

। ऽ ऽ ऽ । । । । । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ

भवेत्**कान्ता** युगरसहयैर्ययौ नरता लगौ ॥ २ ॥

स स ज भ ज ग ग

। । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ ऽ

ससजै**रतिशायनी** मता भजपरैर्गुरुभ्याम् ॥ ३ ॥

क्रीडत्कालिन्दीललितलहरीवारिभिर्दाक्षिणात्यै-
वातैः खेलद्भिः कुसुमितलतावेल्लिता मन्दमन्दम् ।
भृङ्गालीगीतैः किसलयकरोल्लासितैर्लास्यलक्ष्मीं
तन्वाना चेतो रभसतरलं चक्रपाणेश्चकार ॥

सफला—यस्य चतुर्षु चरणेषु मगणः, तगणः, नगणः, यगणः, यगणः, यगणः च भवेत् **कुसुमितलतावेल्लिता** नाम वृत्तम् । अस्मिन् भूतैः पञ्चाभिः, ऋतुभिः षड्भिः अश्वैः सप्तभिश्च वर्णैः यतिः स्यात् ।

क्रीडदिति—क्रीडन्ति प्रसर्पयन्ति, यानिकालिन्द्याः सूर्यतनयायाः यमुनायाः, ललितलहरीणां नेत्रसुखदवीचीनां, वारिणी सलिलानि, तैः सह खेलद्भिः क्रीडद्भिः, 'क्रीडा खेला च कूर्दनम्' । इत्यमरः । दाक्षिणाशासमुत्पन्नैः, एवम्भूतै, वातैः, मन्दं मन्दं शनैः शनैः, वेल्लिता ईषच्चलिता, भृङ्गालीनां मधुव्रतानां, गीतैः गानचर्याभिः, किसलयानि नूतनपत्राणि एव कराः हस्ताः, तेषाम् उल्लसितैः अभिनयप्रकारैः, लास्यलक्ष्मीं नृत्यशोभां, तन्वाना विस्तारयन्ती, कुसुमितलता सपुष्पाव्रतती, चक्रपाणेः श्रीकृष्णस्यः, चेतः स्वान्तं, रभसेन हर्षेण 'रभसोवेग-हर्षयो' चञ्चलं चपलं, चकार कृतवानित्याशयः । प्रत्युदाहरणम्—

ग्राम्याब्जानूपं पिशितलवणं शुष्कशाकं नवान्नं
गौडं पिष्टान्नं दधि सकृशरं निर्जलं मद्यमम्लम् ।
धाना वल्लूरं समशनमथो गुर्वसात्म्यं विदाहि
स्वप्नं चरात्रो श्वयथुगदवान् वर्जयेदङ्गनाञ्च ॥ वैद्यके ।

सफला—जिसके चारों चरणों में मगण, तगण, नगण, यगण, यगण, यगण हो, उसको **कुसुमितलतावेल्लिता** नामक वृत्त कहते हैं । इसमें पाँच छः सात वर्णों पर यति होती है ।

यमुना नदी की मनमोहक लहरों के चपल जल के साथ खेलते हुए (अत-एव शीतल) दक्षिण देश (मलय) की धीरे-धीरे कम्पन तथा पुष्पित लता ने (अत एव मन्द और सुगन्ध), भ्रमरों के गीतों तथा पल्लव रूपी हाथों के अभिनयों के द्वारा नृत्य की शोभा को दिखलाते हुए, श्रीकृष्ण का मन प्रसन्नता से चपल कर दिया ।

अष्टादशाक्षरावृत्तेः चत्वारो भेदाः—

न ज भ ज र र

। । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ

नजभजरैस्तु रेफसहितैः शिवैर्हयैर्नन्दनम् ।

तरणिसुतातरङ्गपवनैः सलीलमान्दोलितं
मधुरिपुपादपङ्कजरजःसुपूतपृथ्वीतलम् ।
मुरहरचित्रचेष्टितकलाकलापसंस्मारकं
क्षितितलनन्दनं व्रज सखे ! सुखाय वृन्दावनम् ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु नगणः, जगणः, भगणः, जगणः रगणः, रगणः, भवेत् तत् **नन्दनम्** नाम वृत्तम् । अस्मिन् शिवैः एकादशभिः, हयैः सप्तभिः, यतिः भवति ।

तरणिसुतेति—सखे ! मित्र !, तरणिसुतायाः यमुनायाः, तरङ्गपवनैः वीचिवायुभिः, 'भङ्गस्तरङ्ग ऊर्मिर्वा स्त्रियां वीचिरथोर्मिषु' । इत्यमरः । सलीलं लीलयासहितं, यया तथा आन्दोलितम् उपवीजितम्, मधुरिपोः श्रीकृष्णस्य, पादपङ्कजरजसा चरणपद्मसुमनसां रजसा, सुपूतं समीचीनप्रकारेण पावितं, पृथ्वीतलं भूभागः, यत्र तथोक्तम्, मुरहरस्य मुरारेः श्रीकृष्णस्य, यानि चित्राणि विस्मयजनकानि, चेष्टितानि व्यवहाराणि, कलाः नाट्यविद्याः, तासां कलापस्य वृन्दस्य, संस्मारकं स्मृतिदायकं, क्षितितलनन्दनं भूतलस्थेन्द्रकाननं वृन्दावनं, सुखाय मनोविनोदाय, व्रज याहि इति । प्रत्युदाहरणम्—

अहृत धनेश्वरस्य युधिः यः समेतमायोधनं
तमहमितो विक्य विबुधः कृतोत्तमायोधनम् ।
विभवमदेन निह्नुतह्रियाऽतिमात्रसम्पन्नकं
व्यथयति सत्पथादधिगताऽथवेह सम्पन्नकं ? ॥ भट्टिः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, जगण, भगण, जगण, रगण, रगण हों, उसको **नन्दन** नामक छन्द कहते हैं । इसमें ग्यारह और दस वर्णों में यति होती है ।

हे मित्र ! यमुना नदी से चञ्चल तरङ्गों से शीतल वायु के द्वारा उपवीजित, श्रीकृष्ण के चरण-कमल-रज से पवित्र भूमि से युक्त, श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत

उठाने आदि कार्यों तथा रासलीला आदि कलाओं के स्मारक भूलोक में नन्दन वन के समान (इन्द्र के बगीचे के सदृश) वृन्दावन के लिये प्रस्थान करो।

न न र र र र

। । । । । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ

इह ननरचतुष्कसृष्टन्तु नाराचमाचक्षते।

दिनकरतनयातटीकानने चारुसञ्चारिणी
श्रवणनिकटकृष्टमेणेक्षणा कृष्ण ! राधा त्वयि।
ननु विकिरति नेत्रनाराचमेषाऽतिहृच्छेदनं
तदिह मदनविभ्रमोद्भ्रान्तचित्तां विधत्स्व द्रुतम्[1] ॥

सुषमा—यस्य चतुर्ष चरणेषु क्रमेण नगणः, नगणः, रगणः, रगणः, रगणः, रगणः भवेत् तत् **नाराचं** नाम वृत्तम्।

दिनकरेति-हे कृष्ण ! दिनकरतनया यमुना, तस्याः तटीकानने तीरोद्याने, चारु सुन्दरं; यथा तथा, संचारिणी भ्रमणशीला, एण्या हरिण्या, ईक्षणे नयने इव नेत्रे यस्याः सा, राधा, त्वयि, श्रवणनिकटम् आकर्णान्तिकं, कृष्टं विततं, अतिहृच्छेदनम् अत्यन्तहृद्बिभेदकं, नेत्रनाराचं नयनबाणम्, 'पृषत्कबाणविशिखा अजिह्मगखगाभुगाः। प्रस्वेडसास्तुनाराचाः' इत्यमरः। विकिरति विक्षिपति, तत् तस्मात्, इह विपिने, द्रुतं शीघ्रं, मदनविभ्रमेण कामजनितहावभावेन, उद्भ्रान्तं चपलं, चित्तं यस्याः तादृशी, विधेहि पद्येऽस्मिन् रूपकालङ्कारः, उपमालङ्कारः च। प्रत्युदाहरणम्—

रघुपतिरपि जातवेदोविशुद्धां प्रगृह्य प्रियां
प्रियमुहृदि विभीषणे सङ्गमय्य श्रियं वैरिणः।
रविसुतमहितेन तेनानुयातः ससौमित्रिणा
भुजविजितविमानरत्नाधिरूढः प्रतस्थे पुरीम् ॥ रघौ।

सफला—जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः नगण, नगण, रगण, रगण, रगण, रगण हों, उसको **नाराच** नामक छन्द कहते हैं।

हे कृष्ण ! यमुना के नीर-तीर स्थित उपवनों में भ्रमण करती हुई मृगनयनी यह राधा आपके प्रति मर्मभेदक कानों तक खिंचे हुए नेत्ररूपी बाण (कटाक्ष)

---

१. उद्भ्रान्तचित्ताऽवधस्त्व द्रुतम्। इति पाठभेदः।

छोड़ रही है। अत एव इस समय आप शीघ्र ही रतिक्रीड़ा से इस (राधा) का हृदय स्थिर कीजिये।

म भ न ल त त ग ग
S S S S I I I I I I S S I S S I S S

मन्दाक्रान्ता नपरलघुयुता कीर्तिता चित्रलेखा।
शङ्केऽमुष्मिञ्जगति मृगदृशां साररूपं यदासी-
दाकृष्येदं व्रजयुवतिसभा वेधस सा व्यधायि।
नैतादृक् चेत्कथमुदधिसुतामन्तरेणाच्युतस्य
प्रीतं तस्यां नयनयुगमभूच्चित्रलेखाद्भुतायाम्॥

सुषमा—यदि मन्दाक्रान्ता नपरलघुयुता नगणात् परेण लघुवर्णयुक्ता स्यात् तर्हि सा चित्रलेखा नाम वृत्तं स्यात्। अतोऽत्र छन्दसि मगणः, भगणः, नगणः, लघुः, तगणः, तगणः, गुरुः, गुरुः च वर्णव्यवस्था भवति।

शङ्के इति—अमुष्मिञ्जगति इह लोके, मृगदृशां कुरङ्गीसदृशनेत्रवतां, यत् साररूपं महत्त्वपूर्णं सौन्दर्यं वर्तते स्म, वेधसा सृष्टिकर्त्रा, एतत्साररूपम् आकृष्य गृहीत्वा, सा पूर्वोक्ता, व्रजयुवतिसभा व्रजललनासमाजः, व्यधायि कृता, इति शङ्के मन्ये, चेद् यदि, एतादृग् एवंविधं न स्यात् तर्हि कथम्, उदधिसुतां सिन्धु-तनयां लक्ष्मीमित्यर्थः, अन्तरेण, विना तां त्यक्त्वा, चित्रलेखाद्भुतायां भित्ति-लिखितायामिव बिस्मयरूपायां, तस्यां सभायाम्, अच्युतस्य श्रीकृष्णस्य नयनयुगं नेत्रमिथुनं, प्रीतं तुष्टम्, अभूत्।

सफला—यदि मन्दाक्रान्ता छन्द के लक्षण में नगण के आगे लघु वर्ण हो तो उसे **चित्रलेखा** नामक वृत्त कहते हैं। इस प्रकार छन्द में मगण, भगण, नगण, लघु, तगण, तगण, गुरु और गुरु वर्ण होते हैं।

इस लोक में सुन्दरी स्त्रियों का जो महत्वपूर्ण सौन्दर्य था उसको लेकर ही विधाता ने व्रजयुवतियों की रचना की है। यदि ऐसा न होता तो (वैकुण्ठ में) लक्ष्मी जी को छोड़कर भगवान् श्रीकृष्ण का मन व्रज में रहने वाली गोपियों के प्रति कैसे आकर्षित होता।

म स ज स त स
S S S I I S I S I I I S S S I I I S

मः सो जः सतसा दिनेशऋतुभिः शार्दूललालितम्।

कृत्वा कंसमृगे पराक्रमविधिं शार्दूलललितं
यश्चक्रे क्षितिभारकारिषु दरं चैद्यप्रभृतिषु ।
सन्तोषं परमं तु देवनिवहे त्रैलोक्यशरणं
श्रेयो नः स तनोत्वपारमहिमा लक्ष्मीप्रियतमः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, सगणः, जगणः, सगणः, तगणः, सगणः भवेत् तत् **शार्दूलललितम्** नाम वृत्तम् । अस्मिन् पद्ये दिनेशऋतुभिः, दिनेशैः द्वादशभिः, ऋतुभिः षड्भिः यतिः भवति ।

कृत्वेति—यः श्रीकृष्णः, कंसरूपिणे हरिणे, शार्दूलललितं व्याघ्रवद् रमणीयं, पराक्रमविधिं शूरतासम्पन्नं कार्यं कृत्वा, क्षितिभारकारिषु भूभारविधायकेषु, चैद्यप्रभृतिषु चेदिवंशस्य राजा शिशुपालः तत् प्रमुखेषु, दरं त्रासं, देवनिवहे सुरसङ्घे, परमम् अत्यधिकं, सन्तोषं मोदं, चक्रे कृतवान्, सः त्रैलोक्यशरणं समस्तलोकरक्षकं, अपारः अतीवमहान्, महिमा महत्वं यस्य सः, लक्ष्मीप्रियतमः श्रीकृष्णः, नः अस्माकं, श्रेयः शिवं, तनोतु विस्तृतं करोतु ।*

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

म स ज ज भ र
S S S I I S I S I I S I S I I S I S
मात्सो जौ भरसंयुतौ करिबाणकै**र्हरिणत्लुतम्** ॥ १ ॥

भ भ भ भ भ स
S I I S I I S I I S I I S I I I I S
पञ्चभकारयु**ताश्वगतिर्य**दि चान्तसरचिता ॥ २ ॥

य म न स त स
I S S S S S I I I I I S S S I I I S
सुधा तकैस्तकैर्भवति ऋतुभिर्यो मोनसतसाः ॥ ३ ॥

म न न त त म
S S S I I I I I I I S S I S S I S S S
वर्णाश्वैर्मननततमकैः कीर्तिता **चित्रलेखेयम्** ॥ ४ ॥

भ र न न न स
S I I S I S I I I I I I I I I I I S
भाद् रनना नसौ **भ्रमरपदक**मिदमभिहितम् ॥ ५ ॥

म स ज स र म
S S S I I S I S I I I S S I S S S S
शार्दूलं वद मासषट्कयति मः सो जसौ रो मश्चेत् ॥ ६ ॥

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, सगण, हों, उसको **शार्दूलललित** छन्द कहते हैं। इसमें बारह और छः वर्णों में यति होती है।

जिन्होंने कंसरूपी मृग पर बाघ के समान अपनी शक्ति दिखाकर चेदि वंश राजा शिशुपाल आदि भूमि के ऊपर भार करने वालों को भयभीत तथा देवताओं प्रसन्न कर दिया वे समस्त लोकों के रक्षक तथा अपार महिमा वाले लक्ष्मीपति भगवान् श्रीकृष्ण हम सबका कल्याण करें।

अतिधृतिः (ऊनविंशत्यक्षरा वृत्तिः)

य म न स र र ग

ISS SSS IIIIISSISSIS S

रसर्त्वश्वैर्यमौन्सौ ररगुरुयुतौ मेघविस्फूर्जिता स्यात्।

कदम्बामोदाढ्या विपिनपवनाः केकिनः कान्तकेका
विनिद्राः कन्दल्यो दिशि दिशि मुदा दर्दुरा दृप्तनादाः।
निशा नृत्यद्विद्युद्विलसितलसन्मेघविस्फूर्जिता चेत्
प्रियः स्वाधीनोऽसौ दनुजदलनो राज्यमस्मात्किमन्यत्॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण यगणः, मगणः, नगणः, सगणः, रगणः रगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **मेघविस्फूर्जिता** नाम वृत्तम्। अस्मिन् रसर्त्वश्वैः रसैः षड्भिः, ऋतुभिः षड्भिः, अश्वैः सप्तभिः च वर्णैः यतिः भवति।

कादम्बेति–विपिनपवनाः काननमरुतः, कदम्बामोदाऽऽढ्याः कदम्बसुवास-पूरिताः, केकिनः मयूराः कान्तकेकाः सरसवचनमुखराः, कन्दल्यः, अजिनयोनिहरिण-

---

म भ न य र र

SSSSIIIIIISSSISSIS

अर्थाश्वाश्वैर्मभनयरयुगैर्वृत्तं मतं **केसरम्**॥ ७॥

म भ न ज भ र

S S S SIIIIIIISISIIS IS

म्भौ न्जौ भ्रौ चेच्चलमिदमुदितं युगैर्मुनिभिः स्वरैः॥ ८॥

न न र र र र

IIIIIIS IS SISSISSIS

यदिह नयुगलं ततो वेदरेफैर्**महामालिका**॥ ९॥

भेदाः, 'कदली कन्दली चीनश्चमूरुप्रियकावपि ।' इत्यमरः । विनिद्राः प्रबुद्धाः, दिशि दिशि चतुर्दिक्षु, दर्दुराः भेकाः, मुदा प्रसन्नतया, दृप्तनादाः अवलिप्तशब्दवन्तः, निशा रात्रिः, नृत्यन्तीनां नाट्याभिनयं कुर्वतीनां, विद्युतां तडितां, विलासितेन चाकचक्येन, लसन् शोभां लभमानः, यः मेघः तस्य विस्फूर्जितं स्तनितं, यस्यां तथोक्ता अस्तीति, चेद् यदि, प्रियः स्निग्धः, असौ दनुजदलनः दैत्यविनाशकः श्रीकृष्णः, स्वाधीनः मदधीनः, स्यात् तदा अस्मात् श्रीकृष्णसंगमात् परम् अन्यत् तदपरं, राज्यं राज्यसम्पत्तिजन्यं सुखमपि किम्, नास्ति किमपीति शेषः ।

उदञ्चत्कावेरीलहरिषु परिष्वङ्गरङ्गे लुठन्तः
कुहूकण्ठीकण्ठीरवरवलवत्रासितप्रोषितेभाः ।
अमी चैत्रे मैत्रावरुणीकेलिकङ्केलिमल्लौ-
चलद्वल्लीहल्लीसकसुरभयश्चण्डि ! चञ्चन्ति वाताः ॥ कस्यचित् ॥

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः यगणः, मगण, नगण, सगण, रगण और गुरु वर्ण हों, उसको **मेघविस्फूर्जिता** छन्द कहते हैं ।

वनपवन कदम्बकुसुमों की सुवास से सुवासित है, मोरों का समूह मधुर केका का उच्चारण कर रहा है, मृगियाँ जग गयी हैं, चारों ओर मेढक जोरदार टर्र-टर्र की रटन लगा रहे हैं, चमकती हुई बिजली की चकाचौंध से रात्रि शोभित हो रही है, (राधिका कह रही है) ऐसे समय में यदि हृदयदयित श्रीकृष्ण मेरी इच्छा के अनुकूल व्यवहार करने लगे तो इससे बढ़कर फिर मेरे लिये स्वर्गीय सुख भी कुछ नहीं है ।

ऊनविंशत्यक्षरावृत्तेः चत्वारो भेदाः—

य म न स त त ग

ISSSSS IIIIISS SISSIS

भवेत्सैवच्छाया तयुगगयुता स्याद् द्वादशान्ते यदा ।
अभीष्टं जुष्टो यो वितरति लसद्दोश्चारुशाखोज्ज्वलः
स्फुरन्नानारत्नस्तवकिततनुश्चित्रांशुकालम्बितः ।
न यस्याङ्घ्रेश्छायामुपगतवतां संसारतीव्रातप-
स्तनोति प्रोत्तापं स जगदवतात् कंसारिकल्पद्रुमः ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण यगणः, मगणः, नगणः, सगणः, तगणः, तगणः, गुरुः च वर्णः भवेत तत् छाया नाम वृत्तम् । अर्थात् सा पूर्वोक्तलक्षणा

'मेघविस्फूर्जिता' एव यदि द्वादशान्ते तयुगगयुता स्यादित्यर्थः। यतिक्रमस्तु 'मेघविस्फूर्जिता' वृत्तवदेव ६+६+७ ज्ञेयः।

अभीष्टमिति—लसन्तः शोभां लभमानाः, दोषः भुजा एव, चारुशाखाः नयनाभिरामस्कन्धाः, 'स्कन्धशाखाशाले', इत्यमरः। ताभिः उज्जवलः प्रदीप्तः, स्फुरद्भिः प्रकाशयुक्तैः, नानारत्नैः विविधमणिभिः, स्तबकिता गुच्छयुक्ता, 'स्याद् गुच्छकस्तु स्तबकः'। इत्यमरः। तनुः शरीरं, यस्य सः तथोक्तं चित्रं सुन्दरम्, अंशुकालम्बितः कौशेयवस्त्रपरिवेष्टितः, कंसारिकल्पद्रुमः कंसरूपशत्रोः विनाशाय कल्पद्रुमवत् फलप्रदः श्रीकृष्णः जुष्टः प्रीत्या सेवितः, अभीष्टम् अभिलषित वस्तु वरं वा वितरति प्रयच्छति, यस्य भगवतः अङ्घ्रेः चरणयुग्मस्य, छायाम् मूलम्, उपगतवताम् आश्रितवतां भक्तानां, संसारतीव्रातपः जगत् एव चण्डघर्मः प्रोत्तापं प्रकृष्टसन्तापं पीडां, न तनोति न विस्तारयति, स भगवान् जगत् त्रैलोक्यम् अवतात् पालयतु।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रम से यगण, मगण, नगण, सगण, तगण, तगण, गुरु वर्ण हों, उसको **छाया** नामक छन्द कहते हैं। अर्थात् 'मेघविस्फूर्जिता' छन्द के बारह अक्षरों के बाद दो तगण और एक गुरु हों तो **छाया** वृत्त होता है। यति क्रम पूर्ववत् है।

मनमोहक भुजारूपी शाखाओं से सुशोभित चमकते हुए अनेक प्रकार के रत्नों द्वारा जिसका शरीर फूलों के गुच्छे के सदृश दिखायी दे रहा है, और जिसने सुन्दर (पीले) वस्त्र धारण किये हैं, कंस के विनाश के लिये कल्पवृक्ष के समान ऐसे श्रीकृष्ण सेवा करने पर भक्तों की इच्छित फल प्रदान करते हैं। और जिनको श्रीकृष्ण के चरणों की छाया प्राप्त हो गयी है ऐसे भक्तों को भवबाधा-रूपी प्रचण्ड धूप सन्ताप प्रदान नहीं कर सकती, वे श्रीकृष्ण त्रैलोक्य की रक्षा करें।

म स ज स त त ग

S S S I I S I S I I I S S S I S S I S

सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।

गोविन्दं प्रणमोत्तमाङ्ग ! रसने ! तं घोषयाऽहर्निशं

पाणी ! पूजय तं, मनः ! स्मर, पदे ! तस्यालयं गच्छतम्।

एवञ्चेत्कुरुथाखिलं मम हितं शीर्षादयस्तद् ध्रुवं

न प्रेक्षे भवतां कृते भवमहाशार्दूलविक्रीडितम्॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, सगणः, जगणः, सगणः, तगणः, तगणः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **शार्दूलविक्रीडितम्** नाम वृत्तम्। अस्मिन् सूर्यैः द्वादशभिः, अश्वैः सप्तभिश्च वर्णैः यतिः भवति।

गोविन्दमिति—हे उत्तमाङ्ग ! शिरः ! गोविन्दं, प्रणम प्रणामं कुरु, रसने रसज्ञे, 'रसज्ञा रसना जिह्वा'। इत्यमरः। तं श्रीकृष्णम्, अहर्निशं रात्रिन्दिनं, घोषय रट, पाणी ! करौ, तं पूजयतम् अर्चनां कुरुताम्, मनः ! हृदय !, तं श्रीकृष्णं स्मर स्मरणं कुरु, पदे ! चरणौ, तस्य श्रीकृष्ण, आलयं देवालयं गच्छतं यातं, शीर्षादयः शिरः प्रभृतीनि शरीरावयवानि, एवञ्चेत् इत्थम्, अखिलम् उपर्युक्तं सर्वं, मम हितं मदीयं कल्याणं, कुरुथ चेत्, तदा भवतां कृते त्वत् कृपया भवमहाशार्दूलविक्रीडितं संसाररूपभीषणव्याघ्रचेष्टितं न प्रेक्षे न अवलोकये।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण और गुरु वर्ण हों, उसको **शार्दूलविक्रीडित** छन्द कहते हैं। इसमें बारह और सात वर्णों में यति होती है।

हे सिर ! भगवान् श्रीकृष्ण को प्रणाम कर, जीभ ! रात-दिन उसी का जप-करो, हाथो ! तुम उसकी पूजा करो, मन ! उसका स्मरण कर और पैरो ! तुम भगवान् के मन्दिर में जाओ, हे मेरे सिर आदि अंगो ! तुम सब उपर्युक्त प्रकार से मेरा हित करो। तुम्हारे सहयोग से मुझे भव व्याघ्र की लीलाओं के दर्शन नहीं करने पड़ेंगे।

म र भ न य न ग

S S S S I S S I I I I I I S S I I I S

म्रौ भ्नौ यो नो गुरुश्चेत्स्वरमुनिकरणैराह सुरसाम्[1]।

कामक्रीडासतृष्णो मधुसमयसमारम्भरभसात्
कालिन्दीकूलकुञ्जे विहरणकुतुकाकृष्टहृदयः।
गोविन्दो वल्लवीनामधररससुधां प्राप्य सुरसां
शङ्के पीयूषपानैः प्रचुरकृतसुखं व्यस्मरदसौ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, रगणः, भगणः, नगणः, यगणः, नगणः, गुरुः च वर्णः भवेत्, तत् **सुरसा** नाम वृत्तम्। अस्मिन् स्वरैः सप्तभिः, मुनिभिः सप्तभिः, करणैः पञ्चभिश्च यतिः भवति।

---

१. 'पीयूषपानप्रचय'। इति पाठभेदः।

कामक्रीडेति—मधुसमयसमारम्भसात् कुसुमसमयप्रादुर्भावप्रमोदात्, कामक्रीडासतृष्णः, सम्भोगाभिलाषुकः, कालिन्दीकूलकुञ्जे यमुनातटनिकुञ्जे, विहरणे विहारकर्मणि, यत् कुतुकम् औत्सुक्यं, तेन आकृष्टं स्वायत्तीकृतं हृदयं यस्य सः तथोक्तः असौ गोविन्दः पुरःस्थितः श्रीकृष्णः, सुरसां मनोज्ञां, वल्लवीनां गोपपत्नीनाम्, अधररससुधाम् अधरोष्ठास्वादपीयूषं, प्राप्य आस्वाद्य, पीयूषपानैः सुधाऽऽचमनैः, प्रचुरकृतसुखं लब्धप्रभूताऽऽनन्दं, व्यस्मरद् विस्मृतो बभूवेति शङ्के मन्ये । पद्येऽस्मिन्नुत्प्रेक्षाऽलङ्कारः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, नगण और गुरु वर्ण हों, उसको **सुरसा** नाम छन्द कहते हैं । इसमें सात, सात, पाँच अक्षरों में यति होती है ।

बसन्त ऋतु के प्रारम्भ होने कारण कामक्रीडा के प्रति उत्सुक श्रीकृष्ण यमुना नदी के तीर स्थित कुञ्ज में विहार के लिये उत्सुक हुए, अत एव वे गोपवनिताओं के अधरामृत का पान कर बार-बार सुलभ स्वर्गीय अमृत पान के आनन्द को भूल गये ।

म ग ग न न त त ग ग

S S S S S ।।।।।।S S।S S । S S

मो गौ नौ तौ गौ शरहयतुरगैः फुल्लदाम प्रसिद्धम् ।

शश्वल्लोकानां प्रकटितकदनं ध्वस्तमालोक्य कंसं
हृष्यच्चेतोभिस्त्रिदिववसतिभिर्व्योमसंस्थैर्विमुक्तम् ।
मुग्धामोदेन स्थगितदशदिगाभोगमाहूतभृङ्ग
मौलौ दैत्यारेर्न्यपतदनुपमं स्वस्तरोः फुल्लदाम ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु च चरणेषु क्रमेण मगणः, द्वौ गुरुवर्णौ, द्वौ नगणौ, द्वौ तगणौ, पुनः द्वौ गुरू च भवेताम्, तत् **फुल्लदाम** नाम वृत्तम् । अस्मिन् शरहयतुरगैः पञ्च-सप्त-सप्तभिः वर्णैः यतिः भवति ।

शश्वदिति—शश्वत् पुनः, 'पुनः सहर्थयोः शश्वत्' । इत्यमरः । लोकानां जनानां, प्रकटितकदनं जातहननं, तथोक्तं कंसं राजानं, ध्वस्तं हतम्, आलोक्य निरीक्ष्य, हृष्यच्चेतोभिः प्रसन्नमनस्कैः त्रिदिवे सुरलोके, वसतिः वासः, येषां तैः, व्योमसंस्थैः गगनस्थैः, विमुक्तम् परित्यक्तम्, मुग्धामोदेन चेतोहरणशीलेन सुवासेन, स्थगितः समन्ताद् व्याप्तः दशदिशाभोगम् सर्वासु दिक्षु विस्तारः येन तथाभूतम्,

आहूताः सुगन्धिप्रसारेण आकारिताः, भृङ्गाः द्विरेफा येन तथाभूतम्, अनुपमं नास्ति अन्यः उपमा यस्य तथाभूतं, स्वस्तरोः स्वर्गस्थवृक्षस्य, फुल्लदाम पुष्पस्रक्, दैत्यारेः कंसादिविनाशकस्य, श्रीकृष्णस्य, मौलौ शिरसि, न्यपतत् आपतिता ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, दो गुरु, दो नगण, दो तगण और दो गुरु वर्ण हों उसको **फुल्लदाम** नामक छन्द कहते हैं। इसमें पाँच, सात तथा सात वर्णों पर यति होती है।

संसार के प्राणियों को बार-बार पीड़ित करने वाले कंस को विनष्ट देखकर प्रसन्न चित्त होकर स्वर्ग स्थित देवताओं ने आकाश (कुछ समीप) में आकर अपनी मनमोहक सुगन्ध से समस्त दिशाओं को मह-महा देने वाली भ्रमर समूह को सहसा आकृष्ट करने वाली स्वर्गीय पारिजातपुष्पों की माला श्रीकृष्ण के ऊपर गिरायी ।*

कृतिः (विंशत्यक्षरा वृत्तिः)

म र भ न य भ ल ग

S S S S I S S I I I I I I S S S I I I S

ज्ञेया सप्ताश्वषड्भिर्मरभनययुता भ्लौ गः सुवदना ॥ १ ॥

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

म त न स त त ग

S S S S S I I I I I I S S S I S S I S

वृत्तं विभ्वाख्यं शरमुनितुरगैर्म्तोग्सौ ततौ चेद् गुरुः ॥ १ ॥

य म न स ज ज ग

I S S S S S I I I I I S I S I I S I S

रसैः षड्भिर्लोकैर्यमनसजजा गुरुर्मकरन्दिका ॥ २ ॥

य भ न य भ ज ग

I S S S I I I I I I S S S I I I S I S

इनाश्वैः स्याद् यभनयभजगाः कीर्तिश्च **मणिमञ्जरी** ॥ ३ ॥

ज स ज स त भ ग

I S I I I S I S I I I S S S I S I I S

गजाब्धितुरगैर्जसौ जसतभा गश्चेत् **समुद्रलता** ॥ ४ ॥

प्रत्याहृत्येन्द्रियाणि त्वदितरविषयान्नासाऽग्रनयना
त्वां ध्यायन्ती निकुञ्जे परतरपुरुषं हर्षोत्थपुलका।
आनन्दाश्रुप्लुताक्षी वसति सुवदना यौगैकरसिका
कामार्तिं त्यक्तुकामा ननु नरकरिपो! राधा मम सखी॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, रगणः, भगणः, नगणः, यगणः, भगणः, लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत्, तत् **सुवदना** नाम वृत्तम्। अस्मिन् सप्ताश्व-षड्भिः सप्तभिः, सप्तभिः, षड्भिः च वर्णैः यति भवति।

प्रत्याहृत्येति—ननु इति सम्बोधनार्थे प्रयुक्तमव्यम्, नरकरिपो नरकासुर-विनाशक! सुवदना सुन्दराकृतिः सरसभाषिणी च, मम काचिदपरा राधायाः सखी कथयति, सखी मित्रं, राधा अस्तीति सम्बन्धः, कामार्तिं कामजनितशरीर-तापं, त्यक्तुकामा दूरीकर्तुं वाञ्छती, यौगैकरसिका तपसि तत्परा, निकुञ्जे कस्मिंश्चिल्लतामण्डपे, वसति निवासं करोति। तस्यास्तपसः प्रकारं निर्दिशति कविः—त्वदितरविषयात् त्वत्तोऽन्यसांसारिकविषयात्, इन्द्रियाणि नेत्रादीनि, प्रत्या-हृत्य सन्नियम्य, नासाऽग्रे नासिकायाः अग्रभागे, नयने चक्षुषी यस्याः सा तथोक्ता सती परतरपुरुषं जगदीश्वरं त्वां, ध्यायन्ती चिन्तयन्ती, हर्षेण त्वत्प्राप्तिकामनया, उत्थम् उत्पन्नं, पुलकं रामहर्षणं यस्याः सा तथोक्ता, आनन्दश्रुभिः स्नेहोत्थवाष्प-बिन्दुभिः; प्लुते व्याप्ते, अक्षिणी नयने यस्याः सा तथोक्ता वर्तत इति शेषः। योगप्रकारः—'एकाकी यतचित्तात्मा, तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा, सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं, मत्संस्थामधिगच्छति'। गीतायां षष्ठाध्याये।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रम से मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, भगण, लघु और गुरु वर्ण हों, उसको **सुवदना** नामक वृत्त कहते हैं। इसमें सात, सात, छः वर्णों पर यति होती है।

नरकासुर के विनाशक हे भगवान् श्रीकृष्ण! मेरी सखी राधा सुन्दर मुखा-कृतिवाली है। कामजनित सन्तान को दूर करने की इच्छा से वह योग साधना में तत्पर हो कुञ्ज में निवास कर रही है। उसने आपके अतिरिक्त सम्पूर्ण विषयों से अपनी चक्षु आदि इन्द्रियों को हटा लिया है। वह गीता में कथित ध्यानयोग के अनुसार नासिका के अग्रभाग में दृष्टि लगाकर परमपुरुष आपका ध्यान करते हुए आनन्द के कारण रोमाञ्चित हो जाती है और स्नेह के कारण उसके आँखों में आँसू भर जाते हैं।

विंशत्यक्षरावृत्तेः त्रयो भेदाः—

स ज ज भ र स ल ग
। । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ

सजजा भरौ सलगा यदा कथिता तदा खलु गीतिका ।

करतालचञ्चलकङ्कणस्वनमिश्रणेन मनोरमा
रमणीयवेणुनिनादरङ्गिमसङ्गमेन सुखावहा ।
बहुलानुरागनिवासरासमुद्भवा भवरागिणं
विदधौ हरिं खलु वल्लवीजनचामरगीतिका ।महाकाव्ये।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण सगणः, जगणः, जगणः, भगणः, रगणः, सगणः, लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत् तद् **गीतिका** नाम वृत्तम् ।

करतालेति—करतालेन करतलध्वनिना, चञ्चलं चपलं, यत् कङ्कणं कर-भूषणं, तस्य स्वनस्य शब्दस्य मिश्रणेन सम्पर्केण, मनोरमा मनोज्ञा, रमणीयः कर्णप्रियः, यः वेणुनिनादः मुरलीरणितं तस्य यः रङ्गिमा लयः, तस्य सङ्गमेन संसर्गेण, सुखावहा प्रमोदप्रदा बहुलानुरागस्य प्रवृद्धस्नेहस्य, निवासः आश्रयः, यः रासः प्रसिद्धा रासक्रीडा, तत्र समुद्भवा उत्पन्ना, वल्लवीजनस्य गोपवधूसमूहस्य, चारु रुचिरं, चामरं चमरीमृगविशेषस्य, पुच्छं यस्यां, सा चासौ गीतिका, हरिं श्रीकृष्णं, भवरागिणं सांसारिककार्येष्वनुरक्तं, विदधौ कृतवान् ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रम से सगण, दो जगण, भगण, रगण, सगण, लघु तथा गुरु वर्ण हों, उसको **गीतिका** नामक छन्द कहते हैं ।

ताली बजाते समय हिलते हुए परस्पर कंकणों की झनकार के मिश्रण से, मनोरम कर्णप्रिय जो वंशी की धुन उसके लय के संसर्ग से, सुखदायक, अत्यन्त प्रेम का परिचायक रासलीला में गोपियों द्वारा डुलाये गये चामर पवन युक्त सरस गीतिका ने श्रीकृष्ण को सांसारिक कार्यों में अनुरक्त कर दिया ।

विशेष—यह उदाहरण ग्रन्थकर्ता ने अपने द्वारा रचित 'अच्युतचरित' महाकाव्य से उद्धृत किया है ।

र ज र ज र ज ग ल
ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ ।

वृत्तमीदृशन्तु नामतो रजौ रजौ रजौ गुरुर्लघुश्च ।

चित्तवृत्तिलीलया[1] निसर्गरम्यदेहरूपविश्रमेण
राजमानसद्वयोविलाससम्पदा कलाकुतूहलेन ।
यः समं व्रजाङ्गनाजनैः सुराङ्गनानिभैः सुखं समेत्य
विष्णुरुल्लास चित्तपद्मकोषषट्पदः स मे सदास्तु ।।

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण रगणः, जगणः, रगणः, जगणः, रगणः, जगणः, गुरुः, लघुः च वर्णः भवेत्, तद् **वृत्तं** नाम वृत्तम् ।

चित्तवृत्तिरिति–यः विष्णुः, चित्तवृत्तिलीलया मानसविचारमात्रेण, राजमानं भ्राजमानं, यत् सद्वयः कैशोराद्यवस्थाविशेषः, तस्य विलाससम्पदा हाव-भावादि-सम्पत्या, कलाकुतूहलेन नृत्याद्यौत्सुक्येन, निसर्गरम्यः प्रकृतिसुन्दरः, यः देहः, तस्य रूपविभ्रमेण सौन्दर्यविलासहेतुना, सुराङ्गनानिभैः देवस्त्रीसदृशैः, व्रजाङ्गनाजनैः व्रजयुवतीभिः, समं साकं, सुखं सानन्दं, समेत्यः मिलित्वा, उल्लासक्रीडां चक्रे, सः विष्णुरूपः श्रीकृष्णः, मे मम, चित्तपद्मकोषषट्पदः मानसकमलकुड्मल-स्थितभ्रमरस्वरूपः, सदा अस्तु । पद्येऽस्मिन् रूपकालङ्कारः ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः रगण, जगण, रगण, जगण, रगण, जगण, गुरु तथा लघु वर्ण हों, उसको **वृत्त** नामक वृत्त कहते हैं ।

जो विष्णु अपने सङ्कल्प मात्र से शोभायमान अपने शरीर की सुन्दरता से कान्तिमान् युवावस्था के हाव-भावादि की उत्सुकता से देवाङ्गनाओं के सदृश व्रजललनाओं के साथ सुख लाभ में प्रसन्न होते हैं, वे विष्णु रूपी भगवान् श्रीकृष्ण मेरे हृदयकमल में भ्रमररूप होकर निवास करें ।

विशेष—प्रस्तुत ग्रन्थ के पाठों का आधार जिसे छन्दोमञ्जरी को मान कर हम चले हैं, उसमें दिया हुआ **'चित्तवृत्तिलीलया'** यह पाठ रुचिकर प्रतीत नहीं होता, अन्य प्रतियों में उपलब्ध 'चित्रवृत्तलीलया' यह पाठ समीचीन प्रतीत होता है । क्योंकि ग्रन्थ की परम्परा है प्रत्येक लक्षण के उदाहरण में निर्दिष्ट छन्द के नाम का समावेश करना, यदि हम मूल में दिये गये पाठ का पक्षपात करते हैं, तो यह परम्परा खण्डित हो जाती है । मालूम होता है यहाँ उक्त पाठ किसी प्रमाद के कारण उद्धृत हो गया है ।

य म न न ग र र ग
। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ
रसाश्वाश्वैः शोभा नयुगगजठरा मेघविस्फूर्जिता चेत् ।

---

१. 'चित्रवृत्तलीलया' । इति पाठान्तरः ।

सदा पूषोन्मीलत्सरसिजयुगला मध्यनम्रा फलाभ्यां
तयोरूर्ध्वं राजत्तरलकिसलयाश्लिष्टसुस्निग्धशाखा ।
लसन्मुक्तारक्तोत्पलकुवलयवच्चन्द्रबिम्बिश्चिताग्रा
महाशोभा मौलौ मिलदलिपटलैः कृष्ण ! सा काऽपि वल्ली ।।

सुषमा—यदि मेघविस्फूर्जिता छन्दसः जठरमध्ये नगणद्वयं गुरुश्च वर्णः स्यात् तदा तत् **शोभा** नाम वृत्तं भवति । तदा तस्य गणगणनाक्रमः एवम्प्रकारेण स्यात्-यगणः, मगणः, नगणः, नगणः, गुरुः, रगणः, रगणः, गुरुः च । अस्मिन् रसाश्वाश्वैः षट्-सप्त-सप्तभिः वर्णैः यतिः ।

सदेति—हे कृष्ण ! भगवन् ! सदा प्रतिदिनम्, पूष्णा आदित्येन, उन्मीलद् विकासं प्रापत्, सरसिजयुगलं पद्ममिथुनम्, चरणकमलद्वयमित्याशयः सा, फलाभ्यां स्तनरूपफलाभ्याम्, मध्यनम्रा विनतमध्यभागा, तयोरूर्ध्वं स्तनयोरुपरिभागे, राजत्तरलकलिसलयाश्लिष्टसुस्निग्धशाखाः शोभमानचञ्चलपल्लवाबद्धचिक्कण-बाहुसनाथा, लसन् मुक्तारक्तोत्पलकुवलयवच्चन्द्रबिम्बाश्चिताग्रा विराजमान-मौक्तिकदन्ताधरबिम्बनेत्रयुगलमुखमण्डलशोभमानसम्मुखप्रदेशा, मौलौ शिरसि, मिलद्भिः संयुतैः, अलिपटलैः द्विरेफसमजैः सह, महाशोभा कापि लोकोत्तरा कान्तिः, सा सुप्रसिद्धा, वल्ली राधिकारूपिणी लता, त्वदभिमुखम् स्थितेति शेषः । अत्र अतिशयोक्तिः, नाम अलङ्कारः ।

सफला—यदि मेघविस्फूर्जिता छन्द के मध्य में दो नगण और एक गुरु वर्ण का सन्निवेश कर दिया जाता है तो उसको **शोभा** नामक छन्द कहते हैं । तब इसके गणों का क्रम इस प्रकार होगा—यगण, मगण, दो नगण, गुरु, दो रगण और गुरु वर्ण । इसमें छः, सात, सात वर्णों पर यति होती है ।

हे श्रीकृष्ण ! सदा सूर्य के उदय होने पर विकसित होने वाले उसके कमल (चरण) शोभित हो रहे हैं, दो गुरुतर फलों (स्तनों) से उसका मध्यभाग (कटिप्रदेश) झुका है, फलों के ऊपरी भाग में चञ्चलकिसलयों (कर पल्लवों) से युक्त कमनीय शाखायें (भुजायें) शोभित हो रही हैं । उस लता का आगे का हिस्सा (मुखभाग) स्वच्छमोतियों (दाँतों), लालकमलों (अधरों) तथा कुवलयों (नेत्रों) से सम्बन्धित चन्द्रबिम्ब (मुख) से अलंकृत है । सिर पर स्थित भ्रमरसमूह (साँवले एवं घुँघराले बालों) से उसकी महती शोभा हो रही है । ऐसी एक लोकोत्तर (अनुपम) लता (राधा) श्रीकृष्णरूपी वृक्ष के

सामने विराजमान है। विषय का निगरण होने के कारण उक्त पद्य में अतिशयोक्ति अलंकार है।

प्रकृतिः (एकविंशत्यक्षरा वृत्तिः)

म र भ न य य य

S S S S I S S I I I I I I S S I S S I S S

म्रभ्नैर्याणां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम् ॥ १ ॥

व्याकोषेन्दीवराभा कनककषलसत्पीतवासाः सुहासा
बर्हैरुच्चन्द्रकान्तैर्वलयितचिकुरा चारुकर्णावतंसा।
अंसव्यासक्तवंशीध्वनिसुखितजगद् वल्लवीभिर्लसन्ती
मूर्तिर्गोपस्य विष्णोरवतु जगतिः नः स्रग्धरा हारिहारा ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण मगणः, रगणः, भगणः, नगणः, यगणः, यगणः, यगणः च भवेत् तत् **स्रग्धरा** नाम वृत्तम्। अस्मिन् सप्त-सप्त-सप्तभिश्च यतिः भवति।

व्याकोषेति—व्याकोषं पुष्पितं, यद् इन्दीवरं नीलकमलम्, 'इन्दीवरञ्च नीलेऽस्मिन्', इत्यमरः। तस्य आभा इव आभा यस्याः सा, कनककषः स्वर्णरेखा, तद्वत् लसद्शोभां प्रापद्, पीतवासाः पीतवस्त्रयुक्ता, सुहासा मन्दहास्या, उच्चन्द्रकान्तैः, ऊर्ध्वभागे चन्द्रकाणां मयूरपिच्छाग्रवर्तिनाम्, अन्ताः निम्नप्रदेशाः यत्र तादृशैः, बर्हैः नीलकण्ठपिच्छैः, बलयिता आबद्धाः, चिकुराः केशाः यस्यां सा, चारुकर्णावतंसा सुन्दरश्रोत्राभरणाः, अंसव्यासक्तवंशीध्वनिसुखितजगत् स्कन्धप्रदेशस्थितमुरलीरणनोल्लसितलोका, वल्लवीभिर्लसन्ती गोपाङ्गनाभिः विराजमाना, स्रग्धरा वनमालाविभूषिता, हारिहारा मनोज्ञमुक्तामालासनाथितकण्ठप्रदेशा गोपस्य विष्णोः गोपवंशसमुत्पन्नस्य विष्णुरूपस्य श्रीकृष्णस्य, मूर्तिः रूपं, नः अस्मान्, अवतु पातु।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण और तीन यगण हों उसको **स्रग्धरा** नामक छन्द कहते हैं। इसमें सात, सात, सात वर्णों पर यति होती है।

नीलकमल के समान सुन्दर, सुवर्ण रेखा (जरी) के सदृश पीतवस्त्र युक्त, मन्दमुसकान से शोभित मुख वाली, सिर पर बंधे हुए बालों के ऊपर मोरमुकुट

धारण की हुई, कानों में कुण्डल, कन्धे पर रखी हुई वंशी की धुन संसार को मोहित की हुई, (नक्षत्ररूपी) गोपियों के बीच में (चन्द्रमा के समान) विराजमान वनमाला तथा मुक्ताहार से अलंकृत भगवान् श्रीकृष्ण की मूर्ति हम सबकी रक्षा करे।

एकविंशत्यक्षरावृत्तेः भेदः—

न ज भ ज ज ज र

। । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

नजभजजा जरौ यदि तदा गदिता सरसी कवीश्वरैः।

चिकुरकलापशैवलकृतप्रमदासु लसद्रसोर्मिषु
स्फुटवदनाम्बुजासु विलसद्भुजबालमृणालवल्लिषु।
कुचयुगचक्रवाकमिथुनानुगतासु कलाकुतूहलो
व्यरचयदच्युतो व्रजमृगीनयनासरसीषु विभ्रमम्॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण नगणः, जगणः, भगणः, त्रयो जगणाः, रगणः च भवेत् तत् **सरसी** नाम वृत्तम्। अन्यत्र सिंहकमिति नाम।

चिकुरेति—चिकुरकलापः केशवेशः, एव शैवलं शैवालं, 'जलनीली तु शैवालं शैवलोऽथ।' इत्यमरः। तेन कृतः प्रमदः मोदः याभि, तासु, रसाः अनुरागाः एव जलानि वारीणि, लसन्त्यः शोभमानाः रसोर्मयः रसभङ्गाः, यासु तासु, स्फुटानि पुष्पितानि, वदनानि वक्त्राण्येवाम्बुजानि कमलानि, यासु तासु, विलसन्तः शोभां प्राप्नुवन्तः, भुजाः बाह्वः एव बालमृणालानां नूतनविसानां वल्लयो लताः, यासां तासु, 'मृणालं विसमब्जादिः'। इत्यमरः। कुचयुगानि स्तनद्वयमेव चक्रवाकमिथुनानि कोकयुगलानि, 'कोकश्चक्रश्चक्रवाको रथाङ्गाह्वय-नामकः।' इत्यमरः। तैरनुगतासु सम्पृक्तासु, व्रजमृगीनयना व्रजवनिता एव सरस्यः सरोवराणि, तासु कलाकुतूहली क्रीडाकुशलः, अच्युतः श्रीकृष्णः, विभ्रमं हाव-भावादिकं व्यरचयत् चक्रे।

प्रत्युदाहरणम्—

तुरगशताकुलस्य परितः परमेकतुरङ्गजन्मनः
प्रमथितभूभृतः प्रतिपथं मथितस्य भृशं महीभृता।
परिचलतो बलानुजबलस्य पुरः सततं धृतश्रिय-
श्चिरगलितश्रियो जलनिधेश्च तदाऽभवदन्तरं महत्॥ माघे॥

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः नगण, जगण, भगण, तीन जगण तथा रगण हों, उसको **सरसी** नामक छन्द कहते हैं। मल्लिनाथ इसको **पञ्चकावली** तथा अन्य आचार्य सिंहक छन्द कहते हैं।

गोपियों के साथ विहार के लिये उत्सुक श्रीकृष्ण व्रजललनारूपी सरोवर में स्नान करते थे, जिसमें उनके केश समूह सिवार थे, अनुरागरूपी जललहरें ले रहा था, मुखरूपी कमल विकसित हो रहे थे, भुजरूपी कमल नाल थे और उनके स्तनों के जोड़े चकवा-चकई के रूप में सुशोभित हो रहे थे।

विशेष—शृंगारतिलक में इसी आशय का एक पद्य मिलता है—

बाहू द्वौ च मृणालमास्यकमलं लावण्यलीलाजलं
श्रोणीतीर्थशिला च नेत्रशफरी धम्मिल्लशैवालकम्।
कान्तायाः स्तनचक्रवाकयुगलं कन्दर्पबाणानलै-
र्दग्धानामवगाहनाय विधिना रम्यं सरो निर्मितम्॥

आकृतिः (द्वाविंशत्यक्षरा वृत्तिः)

म म ग ग न न न न ग ग
S S S S S S S S S | | | | | | | | | | | S S

मौ गौ नाश्वत्वारो गो गो वसुभुवनयतिरिति भवति हंसी॥ २२॥

सार्धं कान्तेनैकान्तेऽसौ विकचकमलमधु सुरभि पिबन्ती
कामक्रीडाकूतस्फीतप्रमदसरसतरमलघु रसन्ती।
कालिन्दीये पद्मारण्ये पवनपतनपरितरलपरागे
कंसाराते पश्य स्वेच्छं सरभसगतिरिह विलसित हंसी॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण द्वौ मगणौ, द्वौ गुरू, चत्वारो नगणाः पुनः द्वौ गुरुवर्णौ भवेताम् तत्, **हंसी** नाम वृत्तम्। अस्मिन् वसुभिः अष्टाभिः, भुवनैः चतुर्दशभिः तथा दशभिः च वर्णैः यतिः भवति।

सार्धमिति—हे कंसाराते ! कंसान्तक !, कान्तेन प्रियेण, सार्धं सह, एकान्ते विजने, कालिन्दीये यमुनातटवर्तिनि, पवनपतनेन वायुसञ्चलनेन, परितरलः चपलः, परागः सुमनोरजः, यत्र तादृशे, पद्मारण्ये कमलकानने, सुरभि मनोरमगन्धयुक्, विकचकमलमधुविकसितपद्मपरागं, पिबन्ती, पानं कुर्वन्ती, कामक्रीडाकूतेन रतिकेलिकुतुकेन स्फीतेन वृद्धिगतेन प्रवृद्धेन प्रमदेन अत्यधिकप्रसन्नतया,

सरसतरम् मधुरतरम्, अलघु तारस्वरेण, रसन्ती शब्दं कुर्वती सरभसगतिः द्रुतगतिः, असौ हंसी वरटा, 'हंसस्य योषिद् वरटा'। इत्यमरः। स्वेच्छं स्वच्छन्दं, विलसति विहरति, इति पश्य आलोकय।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रमशः दो मगण, दो गुरु वर्ण, चार नगण और दो गुरु वर्ण हों, उसको **हंसी** नामक छन्द कहते हैं। इसमें आठ चौदह, दस वर्णों पर यति होती है।

कोई गोपी कृष्ण से कह रही है—हे कृष्ण ! देखिये—यह हंस की स्त्री अपने प्रिय हंस के साथ एकान्त यमुना के तीरस्थित कमलकानन में जहाँ हवा से हिलने के करण उन (कमलों) का पराग बिखरा है, सुगन्धयुक्त पुष्परस का पान करती हुई रतिकेलि के लिये उत्सुक होने से कलमधुर किन्तु उच्चस्वर से गाती हुई अपनी इच्छा के अनुसार विहार कर रही है।

द्वाविंशत्यक्षरावृत्तेः भेदः—

भ भ भ भ भ भ भ ग

S I I S I I S I I S I I S I I S I I S I I S

सप्तभकारयुतैकगुरुर्गदितेयमुदारतरा मदिरा।

माधवमासि विकस्वरकेसरपुष्पलसन्मदिरा मुदितै-
र्भृङ्गकुलैरुपगीतवने वनमालिनमालि ! कलानिलयम्।
कुञ्जगृहोदरपल्लवकल्पिततल्पमनल्पमनोजरसं
तं भज माधविकामृदुनर्तकयामुनवातकृतोपगमा॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण सप्तमगणाः तथा एकः गुरु वर्णः भवेत् तत् **मदिरा** नाम वृत्तम्। अत्र यतिविचारो नास्ति।

माधवेति–हे आलि ! वयस्ये !, माधवमासि वैशाखे, वसन्ततौ वा विकस्वराणि विकसनशीलानि, 'विकासी तु विकस्वरः' इत्यमरः। यानि केसरपुष्पाणि बकुलकुसुमानि तेषु लसन्त्यो शोभां प्राप्नुवन्त्या, मदिरया मादकेन, मकरन्देन पुष्परसेन, मुदितैः प्रसीदद्भिः, भृङ्गकुलैः द्विरेफवृन्दैः, उपगीतवने गुञ्जितकानने माधविकायाः माधवीलतिकायाः, मृदु ईषत्, नर्तकेन, नृत्येन, यामुनवातेन शीतलस्पर्शवता यामुनपवनेन, कृतः विहितः सान्निध्यं सामीप्यं, यस्याः तथाभूता, त्वं, कुञ्जगृहोदरे लतामण्डपमध्ये, पल्लवैः किसलयैः, कल्पितं निर्मितं, तल्पं

शय्या यस्य तथाभूतम्, अनल्पः अधिकः, मनोजरसः कामजं प्रेम यस्य तम्, कलानिलयं चतुःषष्टिकलामर्मज्ञं, श्रीकृष्णं, भज सेवस्व ।

सफला—जिसके चारों चरणों में क्रम से सात भगण और एक गुरु वर्ण हों, उसको **मदिरा** नामक वृत्त कहते हैं । इसमें यति विचार नहीं है ।

हे सखि ! मधुमास (वैशाख या वसन्त ऋतु) में खिले हुए मौलसिरी-पराग के आस्वादन से मदमत्त भौरों की गुञ्जार से घर के बगीचे में ६४ कला विशेषज्ञ लीलावतार रतिप्रणयी श्रीकृष्ण के लतामण्डप में पत्तों द्वारा निर्मित शय्या पर जाकर उनका भजन करो, वहाँ अपनी मन्द गति से माधवीलता को नचाने वाला यमुना की तरंगों के संग से शीतल पवन तुम्हारी सेवा करेगा ।*

विकृतिः (त्रयोविंशत्यक्षरा वृत्तिः)

न ज भ ज भ ज भ ल ग

। । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ

नजभजभा जभौ लघुगुरू बुधैस्तु गदितेयमद्रितनया[1] ।
खरतरशौर्यपावकशिखापतङ्गनिभभग्नदृप्तदनुजो
जलधिसुताविलासवसतिः सतां गतिरशेषमान्यमहिमा ।
भुवनहितावतारचतुरश्चराचरधरोऽवतीर्ण इह हि
क्षितिवलयेऽस्ति कंस ! शमनस्तवेति तमवोचदतिनद्रया ॥

सुषमा—यस्य चतुर्षु चरणेषु क्रमेण नगणः, जगणः, भगणः, जगणः, भगणः, जगणः, भगणः, लघुः, गुरुः च वर्णः भवेत् तत् **अद्रितनया** नाम वृत्तम् ।

---

* अन्य संस्करणों के प्रक्षिप्त छन्द—

भ र न र न र न ग

ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ

भ्रौ नरना रनावथ गुरुर्दिगर्कविरमं हि **भद्रक**मिदम् ॥ १ ॥

म स र स त ज न ग

ऽ ऽ ऽ । । ऽ ऽ । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । । । । ऽ

लालित्यं भुजगेन्द्रेण भाषितमेतच्चेन्मसरस्तजनगुरुः ॥ २ ॥

स ज त न स र र ग

। । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । । । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

सजता नसौ ररौ गः फणितुरगहयैः स्यान्**महास्रग्धरा**ऽऽख्या ॥ ३ ॥

१. अम्बललितमिदमन्यत्र ।

